## न्यूज ब्रीफ

### गनगौर नवरात्र मेला सराय काईयां में 21 मार्च से लगेगा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के अवसर पर 21 मार्च को मोहल्ला सराय काईयां स्थित जैन मंदिर के निकट गनगौर मेला आयोजित किया जाएगा। मेला कमेटी की ओर से बताया गया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मेले का आयोजन धूमधाम के साथ किया जाएगा, जिसमें नगरवासियों और दुकानदारों को आमंत्रित किया गया है। मेले में आने वाले दुकानदारों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। मेला कमेटी की ओर से नाच-गाना, आकर्षक झांकियां और लाइट की विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिससे मेले की रौनक बढ़ेगी। मेला संयोजक विपिन खण्डेलवाल, गुड्डू खण्डेलवाल, मनोज खण्डेलवाल, पुनीत गुप्ता, राजू गुप्ता, दीपू गुप्ता, मोनू गुप्ता, धीरज गुप्ता, विश्वमोहन मिश्रा, मनोज गुप्ता एडवोकेट, कुन्नू गुप्ता, राजीव गुप्ता, सोमू तिवारी, कुलदीप गुप्ता, सतेन्द्र गुप्ता, पंकज वर्मा, गौतम गुप्ता और संजय कुमार पार्षद सहित अन्य लोगों की ओर से सभी भक्तों से मेले में पहुंचकर भगवान गनगौर की पूजा-अर्चना करने और प्रसाद चढ़ाकर आशीर्वाद लेने की अपील की गई है। मेला अध्यक्ष रामचन्द्र खण्डेलवाल और समाजसेवी संजीव गुप्ता आढ़ती ने भी अधिक से अधिक लोगों से मेले में भाग लेने का आग्रह किया है।

### वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**जलालाबाद, अमृत विचार :** प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजकुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। प्राचार्य प्रोफेसर श्रीकृष्णा सिंह ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। 100, 200, 400 मीटर दौड़ और गोला प्रक्षेपण प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। बालिका वर्ग में प्रीति ने कई स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालक वर्ग में आकाश सिंह और योगेश शुक्ला ने अच्छा प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यादवेंद्र कुमार आर्य ने किया। डॉ. अवधेश कुमार, डॉ. जयेंद्र कुमार, पवन कुमार, सत्य प्रकाश, अभिनंदन शुक्ला, दिव्यांशी, पायल, निशि पांडे, खुशबू, अंजलि आदि मौजूद रहे।

**नवरात्र विशेष : महिलाओं के लिए रोजगार के रास्ते खोले, शिक्षा को जमीन देकर स्कूल खुलवाया, सप्त सरोवर के विकास में निभाया अहम किरदार**

# तराई की नायिका बनीं बाघ मित्र आरती, संघर्ष ऐसा कि दुनिया नाज करे

सुनील यादव, पीलीभीत




- 55 बरस से सेवा के मिथक बना रहीं पीलीभीत की आरती मां
- जंगल की दुश्वारियों को मात देने वाली बुजुर्ग महिला की कहानी


जंगल किनारे बना सप्त सरोवर। ● अमृत विचार


समाजसेविका आरती।

**अमृत विचार :** जीवन संघर्ष और जनसेवा क्या होती है, जंगल की दुश्वारियों के बीच हिम्मत-हौसले का 50 बरस लंबा अध्याय लिख चुकीं आरती को देखकर समझा जा सकता है। मिसाल-बेमिसाल आरती मां की कहानी ही कुछ ऐसी है कि गांव और आसपास के वन क्षेत्र में लोग उन्हें 'मदर टेरेसा' की तरह सम्मान देते हैं। सुदूर क्षेत्र में बच्चों की पढ़ाई को स्कूल खुलवाना हो या गरीबी के जंजाल में जकड़ीं अपने जैसी महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना, इस किरदार की व्याख्या में जैसे शब्द कम पड़ते नजर आते हैं।

जीवन के 70 बसंत देख चुकीं आरती पीलीभीत जिला मुख्यालय से करीब 40 किमी दूर बसे सेल्हा गांव में रहती हैं। आसपास नदियां, बांध, जंगल से उनका शुरू से रिश्ता रहा है। दशकों पहले बंगाल से कई परिवार आकर आसपास बसे थे, जिसमें आरती के पति चंदीराम भी थे। 15-16 की उम्र में आरती ब्याह कर गांव आई थीं तो आसपास सबकी जिंदगी मुश्किलों में घिरी थी। तिनका-तिनका जोड़कर बनाए गए घास-फूस के घरोंदे और दो-चार बर्तन। यही उनका संसार था। थोड़ा-बहुत जंगल किनारे की उथली जमीन को समतल बनाकर खाने का इंतजाम किया, लेकिन फाबड़े से इतना करने में भी 10 साल लग गए। खुद और आस-पड़ोस के परिवारों में किलकारियां गूंजी मगर बच्चों को पढ़ाने के लिए आसपास स्कूल नहीं था। आरती हालात से लड़तीं रहीं और अपने जैसी महिलाओं का हौसला बढ़ाती रहीं।

इस बीच जंगल क्षेत्र के गांवों में विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने विकास समितियां बनाई तो आरती कई महिलाओं को लेकर उससे जुड़ गईं। कारवां बढ़ता गया। तंगी से जूझते परिवारों को समिति के माध्यम से लोन दिलवाकर कुछ काम शुरू कराए। 2006 में वन अफसरों के साथ डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की टीम पड़ोस के गांव आई थी। आरती को पता लगा तो दौड़ी-दौड़ीं वहां पहुंचीं और अफसरों का हाथ पकड़कर अपने गांव ले आईं। वहां लोगों की दुश्वार जिंदगी देख अफसर भी सन्न रह गए। बस यहीं से सेल्हा की तकदीर संवर गई।

आरती पास में स्थित सप्त सरोवर (सात झाल) को पहले से ही संवारने में जुटी थीं। अफसरों ने देखा तो वहां स्वर्ग सी सुंदरता नजर आई और उसे पर्यटन केन्द्र के रुप में विकसित करने की दिशा में कदम आगे बढ़ा दिए। 2012 में आरती के पति चल बसे तो वह अकेली पीलीभीत से लखनऊ तक दौड़ लगाती रहीं। बेटे-बेटियां शादी कर रोजगार की तलाश में बाहर चले गए मगर आरती डटीं रहीं।

खुद को पट्टे में मिली जमीन देकर गांव में प्राइमरी स्कूल खुलवाया और खुद भूमिहीन हो गईं। टाइगर रिजर्व बनने के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की गतिविधियां बढ़ीं तो आरती ने विकास, बिजली, रोजगार की मांग उठाना शुरू कर दी। इस बीच वर्ष 2019 में पीटीआर मॉडल से जुड़कर बाघ मित्र भी बन गई। उनके प्रयास रंग लाए और पिछले साल उनके यहां के सात झाल को विकसित कर इको टूरिज्म स्पॉट सप्त सरोवर में तब्दील कर दिया गया। अब गांव की महिलाएं ही यहां कैंटीन संचालित कर अपने जीवन स्तर में सुधार कर रही हैं। आरती की मांग पर ही सोलर बेस्ड पावर हाउस भी स्थापित हो चुका है और दशकों अंधेरे में रहने के बाद अब हर घर रोशन है। अपना गांव ही नहीं, आसपास के क्षेत्र की महिलाओं के लिए आरती ढाल बनी दिखती हैं। उनके योगदान की प्रशंसा वन अफसर भी करने से पीछे नहीं हटते।

### सिर्फ सड़क का इंतजार बाकी

स्कूल को जमीन देकर भूमिहीन हुईं आरती बताती हैं कि जीवन अब अंतिम पड़ाव में पहुंच रहा है। गांव आने-जाने को सड़क नहीं बनी है। सड़क और बन जाए तो गांववालों की जिंदगी के साथ पर्यटन को भी पंख लग जाएंगे। सड़क बनने से मेरे बेटे-बेटियां आसानी से शहर आ-जा सकेंगे।

# देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, गूंजे जयकारे

**नवरात्र शुरू, पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा, गूंजते रहे जयकारे**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


देवी का श्रृंगार करते ब्राह्मण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र की शुरुआत के साथ ही जिले भर में आस्था का माहौल नजर आया। पहले दिन सुबह से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और जय माता दी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्तों ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

महानगर के चौक, इंदिरागनर, चिनौर समेत सभी स्थानों पर मंदिरों में सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं, जहां श्रद्धालुओं ने अपनी बारी आने पर माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मंदिरों के बाहर सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा। वहीं घरों में भी लोगों ने घट स्थापना कर नवरात्र की शुरुआत की। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नव संवत्सर का आरंभ होता है और इस दौरान वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, नौ दिनों तक भक्त मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा करते हैं और दुर्गा सप्तशती पाठ, व्रत व साधना करते हैं। महानगर में टाउन हाल रोड स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर, चौक का फूलमती मंदिर, मंडी का दुर्गा मंदिर, खिरनीबाग और बिसरात के काली माता मंदिर सहित कई स्थानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिरों में भजन-कीर्तन हुए और श्रद्धालुओं ने कलश स्थापना कर मां शक्ति की आराधना की गई। सुबह से मंदिरों में घंटा-घड़ियाल और जयकारों की गूंज सुनाई दी, महिलाओं और युवतियों ने व्रत रखकर विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिरों को फूलों और रोशनी से सजाया गया था और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल व सुरक्षा के इंतजाम किए गए। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और प्रमुख मंदिरों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई।

### मिर्जापुर-परौर में मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**मिर्जापुर/परौर, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र का पावन पर्व गुरुवार से शुरू होते ही मिर्जापुर और परौर क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल छा गया। पहले दिन सुबह से ही काली मंदिर, दुर्गा मंदिर सहित सभी प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने जय माता दी के जयकारों के साथ नवदुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार के कल्याण की कामना की। मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कलश स्थापना कर माता की चौकी सजाई और पूजा शुरू की। पंडित चंद्रमोहन शंखधर ने बताया कि इस बार नवरात्र में कोई तिथि क्षय नहीं हो रही है, जिससे भक्तों को पूरे नौ दिन तक पूजा का पूर्ण फल मिलेगा और शुभ योग में शुरू हुए इन नवरात्रों में माता की विशेष कृपा बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि नौ दिन बाद व्रत पारायण के साथ माता रानी हाथी की सवारी से प्रस्थान करेंगी, जिसे शुभ माना जाता है। नवरात्र के पहले दिन से ही क्षेत्र में भक्ति का माहौल चरम पर है और श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ मां दुर्गा की आराधना में जुटे हुए हैं।

### एमएलसी ने विद्यालय में किया नए शिक्षण कक्ष का लोकार्पण

**कलान, अमृत विचार :** बम्होरा गांव स्थित सरस्वती पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को नव निर्मित शिक्षण कक्ष का लोकार्पण बरेली-मुरादाबाद खंड के स्नातक एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त की ओर से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि शिक्षा जीवन के लिए बेहद जरूरी है, इसके बिना जीवन अधूरा है, इसलिए सभी अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय जरूर भेजें। कार्यक्रम में क्षत्रिय महासभा जिला अध्यक्ष पद्म सिंह, अमृत पाल, राकेश सिंह परमार सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे। प्रधानाचार्य अनूप सिंह चंदेल ने अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान केपी सिंह, हिटलर सिंह, धीरपाल सिंह राठौर, राकेश चंदेल, रणविजय सिंह, भाजपा नेता अशोक सिंह, पहलवान यादव आदि रहे।

# बरेली ने शाहजहांपुर को हराकर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता जीती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


बृहस्पतिवार को कृभको मैदान पर चल रहे शाहजहांपुर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल की विजेता टीम एसआरएमएस बरेली। ● अमृत विचार

- कृभको मैदान पर प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से बृहस्पतिवार को कृभको मैदान पर चल रहे शाहजहांपुर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में शाहजहांपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 75 रन बनाए।

ओपनर बल्लेबाज शिवा यादव ने 31 रन, संध्या ने 10 रन बनाए। एसआरएमएस बरेली की ओर से छवि ने चार विकेट, फैजा ने दो विकेट व इशिता ने भी दो विकेट लिए। दूसरी पारी में एसआरएमएस बरेली ने छह विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। एसआरएमएस बरेली की ओर से इशिता ने 21 रन, छवि ने 13 रन, गुंजन ने 11 रन बनाए। शाहजहांपुर की ओर से सफिया, वैष्णवी व वसुंधरा ने एक-एक विकेट लिया। मैच के अंपायर दिनेश शर्मा व अनुज रहे। मैन ऑफ द मैच छवि रही। मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बल्लेबाज शाहजहांपुर की शिव यादव रही। बेस्ट बॉलर बरेली की छवि रही। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि आनंद पाठक सदस्य उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन रहे। विशिष्ट अतिथि मुक्ता पाठक, उमा गुप्ता, रम्मन गुप्ता, प्रतिभा, कोपल गुप्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर एसआरएमएस के कोच मनीष सिंह, अभिषेक शर्मा, नूर आलम का योगदान रहा। अंत में शाहजहांपुर कोऑर्डिनेटर डॉ. मनोज यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# लोकगीतों से सजी सांस्कृतिक संध्या, बच्चों ने बिखेरा रंग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ पर संगीत और लोक संस्कृति से भरपूर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, प्रबंध समिति के सचिव प्रो. अवनीश मिश्रा और प्राचार्य प्रो आर के आजाद ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की।

संगीत विभाग की छात्राएं नेहा तिवारी और शिवांगी प्रजापति ने रोली, चंदन और पुष्प से अतिथियों का स्वागत किया, जबकि प्रो. आदित्य सिंह, डॉ. श्रीकांत मिश्रा, डॉ. बलवीर शर्मा, डॉ. रामशंकर पाण्डेय और डॉ. दीपक सिंह की ओर से अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. कविता भटनागर, डॉ. प्रतिभा सक्सेना, मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद, संयोजक डॉ. प्रतिभा सक्सेना व्याख्या सक्सेना आदि मौजूद रहे।


प्रमाण पत्र देते मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती।

# डायट ददरौल में सेमिनार का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



डायट ददरौल में आयोजित सेमिनार को प्रशिक्षु को प्रशस्ति पत्र देते डायट प्रवक्ता।

- मुख्य वक्ता बोले- विद्यालयों में छात्रों को चिंतन एवं विश्लेषण के भरपूर अवसर उपलब्ध कराएं

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ददरौल में शिक्षा, शैक्षिक नवाचार एवं नीति संबंधी विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एसएस कालेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश मिश्र ने कहा कि नवाचार से ही देश को प्रगति के मार्ग पर ले जाया जा सकता है। इन नवाचारों की भूमि हमारे विद्यालयों की कक्षाएं ही हैं, जहां पर शिक्षक के द्वारा बच्चों में चिंतन समालोचना एवं विश्लेषण जैसे गुणों को आरोपित करते हुए उन्हें प्रतिभावान नागरिक के रूप में तराशा जाता है। इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि अपने विद्यालयों में छात्रों को चिंतन एवं विश्लेषण के भरपूर अवसर उपलब्ध कराए।

प्राचार्य सोनिया गुप्ता ने सर्वप्रथम सभी शिक्षकों, एआरपी एवं डायट प्रवक्ताओं को निपुण सर्वे में मंडल में जिले की प्रथम रैंक आने पर बधाई दी। प्रशिक्षण प्रभारी बीएल मौर्य ने शिक्षकों से स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण करने एवं नैतिकता एवं संस्कार की शिक्षा देने की बात कही। संचालन करते हुए अतुल कुमार शुक्ला ने शिक्षकों से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात कही। नोडल डॉ अजीत मिश्रा, प्रियंका, नवनीत तिवारी, अभिनय मिश्रा, अनिल कुमार द्विवेदी, सुबोध कुमार यादव, अवनीश पाल, विवेक कुशवाहा ने शोध पत्र प्रस्तुत कर अध्यापकों से अपने अनुभवों को साझा किया। सेमिनार को सफल बनाने में प्रवक्ता तेजराम गंगवार, डॉ राकेश पटेल, शशांक पांडे, सुभाष चंद्र सिंह, जमाल अख्तर, अमित वंशवर, अंजनी भारती, वरुण उपाध्याय, शिखा अवस्थी, कनक वर्मा, उजाला पाल, श्रद्धा गुप्ता, सुरभि, अंशिका, पुष्कर, राघवेंद्र शुक्ला, अपूर्व मिश्रा, प्रिंस गौतम, आदर्श बाजपेई, अभिनव आदि का योगदान रहा।

# फुट ओवरब्रिज व स्वचालित सीढ़ियों का काम अधूरा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


प्लेटफॉर्म पर अधूरा पड़ा फुट ओवरब्रिज। ● अमृत विचार


स्टेशन के मुख्य द्वार पर हो रहा निर्माण कार्य।

- दो साल से चल रहा काम अधिकारियों के निर्देश के बाद नहीं आई तेजी
- सामान बिखरा पड़ा होने पर यात्रियों को आने-जाने में हो रही दिक्कत

**अमृत विचार :** अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। दो साल से अधिक समय हो गया है और फुट ओवरब्रिज व स्वचालित सीढ़ियों आदि का कार्य पूरा नहीं हुआ है। इधर मुख्य गेट के बाहर एसएस कार्यालय के पीछे सामान बिखरा पड़ा होने पर यात्रियों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। मंडल के अधिकारियों के आदेश के बाद भी कार्य में तेजी नहीं आयी है।

बता दे कि रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण के लिए अमृत भारत योजना के तहत 17 करोड़ रुपये स्वीकृत हुआ था। इस योजना के तहत स्वचालित सीढ़ियां, प्लेटफार्म एक और दो तथा तीन को ऊंचा करने , सरकारी कार्यालय, प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय, रिटायरिंग रुम, महिला प्रतीक्षालय, वीआईपी कक्ष को ऊंचा करने आदि का कार्य था। अगस्त 2023 में ठेकेदार के माध्यम से शुरु हुआ था। जबकि मालगोदाम रोड पर द्वितीय प्रवेश द्वार से पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन तक फुट ओवर बनाया गया है, जो अधूरा पड़ा है। पुल की सीढ़ियां प्लेटफार्म चार व पांच पर बनायी है और किसी प्लेटफार्म पर नहीं बनायी गयी। यदि यह पुल शीघ्र बनकर चालू हो जाए तो पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन पर जाने वाले यात्रियों को सहूलियत हो जाएगी, लोगों को तीन किमी घूमकर स्टेशन रोड से नहीं जाना होगा। इसी प्रकार स्वचालित सीढ़ियों के ब्लाक लेकर गाडर डाल दिए गए है, उसके आगे कार्य नहीं बढ़ा है। स्टेशन के मुख्य गेट के बाहर तीन माह से सौंदर्यीकरण का कार्य कछुआ गति से हो रहा है। साइकिल स्टैंड पर मैटेरियल डाल देने से यात्रियों को निकलने में दिक्कत हो रही है। पुराना जीआरपी थाना और आरएमएस के पास फर्श ऊंचा नहीं किया गया है। इसी प्रकार सर्कुलेटिंग एरिया से पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन तक सीधा रास्ता नहीं जोड़ा गया है। स्टेशन का निर्माण कार्य 2026 में पूरा होना है, जिस गति से कार्य हो रहा है, लगता 2026 में पूरा नहीं हो पाएगा। जब जीएम या डीआरएम का स्टेशन का निरीक्षण होता है तो कार्य में तेजी पकड़ जाती है, फिर कछुआ गति से हो जाता है।

### शौचालय नहीं होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

प्लेटफार्म दो और तीन पर शौचालय बना हुआ था। रेल प्रशासन ने तुड़वा दिया। शौचालय न होने महिला यात्रियों को काफी दिक्कत होती है। इसी प्रकार प्लेटफार्म एक पर शौचालय बनाया गया है, जो पावर केबिन से आगे है, जो अभी चालू नहीं हुआ है। लोगों का पता नहीं है कि प्लेटफार्म एक पर शौचालय बना है। प्लेटफार्म चार व पांच पर बना शौचालय का बहुत कम प्रयोग होता है, क्यों कि सुबह के समय सिर्फ दो ट्रेनें है।

### प्लेटफार्म पर बीच में लगा खंभा नहीं हटाया

स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यालय के सामने स्टाल के पड़ोस में बिजली का खंभा बीच में लगा हुआ है। जबकि इस खंभे पर कोई प्रयोग नहीं है, बिजली का तार नहीं है। यह खंभा यात्रियों के लिए दिक्कत बन गया है। रात के समय यात्री खंभे से टकरा जाते है। मंडल के अधिकारियों ने इस खंभे को हटाने के निर्देश दिए थे। बिजली विभाग को मेमो दिया जा चुका है और खंभा अभी तक नहीं हटाया गया है।

> स्टेशन पर सौंदर्यीकरण को लेकर अमृत भारत योजना के तहत निर्माण कार्य चल रहा है। इसे जल्द ही पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। यदि कोई असुविधा हो रही है तो दिक्कत को दूर किया जाएगा।
> **- आदित्य गुप्ता**, सीनियर डीसीएम

# भटपुरा रसूलपुर में किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश ने सिधौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सचिवालय में मौजूद ग्राम पंचायत सहायक अनुज मिश्रा से ग्राम में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और अभिलेखों का भी मिलान किया।

इस दौरान ग्राम पंचायत में तैनात सभी पांचों सफाई कर्मचारी मौके पर सफाई कार्य करते हुए मिले। ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि गांव में 56 रास्तों के लिए सफाई का रोस्टर चार्ट बनाया गया है और उसी के अनुसार रोजाना सफाई कराई जाती है। गांव में साफ-सफाई की स्थिति देखकर खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश ने सफाई कर्मचारियों की सराहना की और ग्राम प्रधान के विकास कार्यों की प्रशंसा की।

# मकान सूचीकरण व गणना पर दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जनगणना-2027 को लेकर कलेक्ट्रेट में दूसरे दिन भी दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों की ओर से चार्ज अधिकारियों को जनगणना की प्रक्रिया, जिम्मेदारियों और तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

डीएम ने निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने एचएलबी काटने का कार्य 25 मार्च तक हर हाल में पूरा करने और संबंधित क्षेत्रों का पहले से निरीक्षण कर वार्ड सीमाओं व सड़कों का सही चिन्हांकन सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद ही इन्यूमरेटरों की तैनाती करने के निर्देश दिए गए, ताकि कार्य में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बैच में 50 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाए और हर बैच के लिए दो फील्ड ट्रेनर नामित किए जाएं। साथ ही प्रशिक्षण से पहले सभी इन्यूमरेटरों के नियुक्ति पत्र तैयार करने और एक से दस अप्रैल तक प्रशिक्षण पूरा कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी इन्यूमरेटर को दो वार्डों में तैनात न किया जाए। प्रशासन की ओर से सेल्फ एन्यूमरेशन व्यवस्था लागू करने की तैयारी भी की जा रही है, जिससे लोग ऑनलाइन माध्यम से खुद जानकारी भर सकें। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद ने बताया कि चार्ज अधिकारियों, सुपरवाइजरों और इन्यूमरेटरों की यूजर आईडी सीएमएमएस पोर्टल पर बनाई जाएगी।

## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



दूसरे दिन नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप की पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।

**बीज मंत्र...**

**मां ब्रह्मचारिणी: ह्रीं श्री अम्बिकायै नम:।**

## न्यूज ब्रीफ

### 16 साल से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**तिलहर, अमृत विचार :** अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे अभियान में कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 16 वर्षों से फरार चल रहे वांछित वारंटी को बदायूं से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर मोहल्ला मौजमपुर निवासी वेदप्रकाश को उसके भांजे के घर से पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय की ओर से गैर-जमानती वारंट जारी था। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर मारपीट और लूट के मामले दर्ज है। पुलिस टीम आरोपी को पकड़कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### बरात में बाइक चोरी एफआईआर दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला मिश्रीपुर निवासी अफसर खां ने बताया कि 14 मार्च की रात पौने 10 बजे हिन्द पैलेस के निकट शादी थी जो चोरी हो गई। पुलिस ने चोरी रिपोर्ट दर्ज कर ली है

### डीआरएम ने विंडो निरीक्षण किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव बालामऊ से मुरादाबाद जाते समय कुछ देर रुकी और अधिकारी से बात की। मुरादाबाद के लिए रवाना हो गयी। मुरादाबाद मंडल की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव बुधवार की रात निरीक्षण यान से मुरादाबाद से बालामऊ गयी थी। गुरुवार की सुबह 11 बजे डीआरएम बालामऊ से मुरादाबाद निरीक्षण यान से जाते समय कुछ देर प्लेटफार्म तीन पर रुकी। उन्होंने निरीक्षण यान के अंदर से ही अधिकारियों से बातचीत की। इस दौरान प्लेटफार्म रेल अधिकारी मौजूद रहे।

# गैस संकट पर केंद्र सरकार को घेरा चुनावी राज्यों को आपूर्ति का आरोप

## शाहजहांपुर दौरे में बोले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सरकार भ्रम फैला रही

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शाहजहांपुर दौरे के दौरान गैस आपूर्ति को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशों से आने वाली गैस को उन राज्यों में भेजा जा रहा है जहां चुनाव हो रहे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को भ्रमित कर रही है और वास्तविक स्थिति कुछ और है।

अजय राय ने कहा कि तमिलनाडु, असम और केरल जैसे चुनावी राज्यों में गैस पहुंचाई जा रही है, जबकि उत्तर प्रदेश के लोग गैस की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर से गुजरते समय एक ढाबे पर गैस न होने के कारण उन्हें चाय भी नहीं मिल सकी, जिससे आम लोगों की परेशानी का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने रमजान और आने वाली ईद का जिक्र करते हुए कहा कि इस समय गैस की कमी लोगों के लिए बड़ी समस्या बन रही है, इसलिए सरकार को तुरंत व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए। उन्होंने बनारस की गंगा-जमुनी



अशफाक उल्ला खां की मजार पर चादरपोशी करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

- **कहा- ढाबे पर गैस नहीं मिली चाय भी नहीं पी सका**
- **विदेश से आई गैस यूपी तक नहीं पहुंचने का किया दावा**

संस्कृति का उल्लेख करते हुए कहा कि मां गंगा का जल हिंदू विश्वनाथ मंदिर में चढ़ाते हैं और मुस्लिम उसी जल से वजू करते हैं, जो आपसी भाईचारे की मिसाल है। अजय राय ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत और मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी और 27 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को लाइन में लगाने का काम करेगी। इशारों इशारों में अजय राय ने जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता को मैदान में डट जाने को कहा।

अजय राय अल्पसंख्यक कांग्रेस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफ़ाक उल्ला खां के आवास पर पहुंचे। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, अल्पसंख्यक कांग्रेस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफ़ाक उल्ला खां, ताहिर अली गुड्डू मियां, सचिव अनूप वर्मा, तनवीर सफदर, पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, तसनीम अली खान, सुहेल बेग, सुरेश चंद्र शुक्ला, पार्षद तालिब खान, अब्दुल सत्तार लाले, फैजान अली खां, पूनम पांडेय, अर्चना वाल्मीकि, रामजी अवस्थी, रफ़ी उल हसन, सईद अंसारी, फुरकान अहमद कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, अनिल श्रीवास्तव, प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, हारून इदरीसी, अदीब अहमद, डॉक्टर फहद अली, नीरज अवस्थी आदि रहे।

### शहीद-ए-वतन अशफाक उल्ला खां की मजार पर की चादरपोशी

अपने संक्षिप्त कार्यक्रम में अजय राय शहीद-ए-वतन अशफाक उल्ला खां की मजार पर पहुंचे। जहां उन्होंने शहीद की मजार पर गुलपोशी व चादरपोशी कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि जिले के तीन क्रांतिकारियों पं राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह व अशफाक उल्ला खां ने अपनी शहादत देकर जनपद को धन्य कर दिया। साझी शहादत साझी विरासत को मजबूत बनाने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। यहां श्री अजय राय का कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खां ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इससे पहले अजय राय शहबाजनगर में कांग्रेस नेता ताहिर अली गुड्डू मियां के आवास पहुंचे। जहां उन्होंने ताहिर मियां के भाई व बहन के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

## आठ दिन से नहीं मिल रही गैस उपभोक्ता बेहाल

**परौर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ककोड़ा स्थित ओम साईं एचपी गैस वितरण केंद्र पर पिछले आठ दिनों से गैस सिलेंडर न मिलने से उपभोक्ता परेशान हैं। हालात यह हैं कि गोदाम पर ताला लटका है और लोग खाली सिलेंडर लेकर रोज एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें गैस नहीं मिल रही। कर्मचारियों का कहना है कि गैस प्लांट से आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे वितरण बंद है। कई बार गैस लाने के लिए गाड़ियां लगाई गईं, लेकिन हर बार किसी कारण से गाड़ियां निरस्त हो गईं। एरिया मैनेजर की ओर से भी बताया गया कि इस समय गैस की आपूर्ति शहरी क्षेत्रों में अधिक की जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में किल्लत बढ़ गई है। गैस न मिलने से सैकड़ों उपभोक्ताओं के घरों में खाना बनाना मुश्किल हो गया है और कई परिवार लकड़ी व उपलों का सहारा लेने को मजबूर हैं। दूसरी ओर क्षेत्र में ब्लैक मार्केटिंग की शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जहां कुछ लोग 1500 से 2000 रुपये तक में सिलेंडर बेच रहे हैं।

उपभोक्ताओं का कहना है कि जब एजेंसी पर गैस नहीं है तो बाजार में सिलेंडर कहां से आ रहे हैं, यह सवाल बना हुआ है। एजेंसी स्वामी का कहना है कि जैसे ही गैस उपलब्ध होगी, वितरण शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल आठ दिनों से आपूर्ति ठप होने से लोगों में नाराजगी है और समस्या के समाधान की मांग उठ रही है।

## काम-धंधा छोड़ गैस की लाइन में लगे उपभोक्ता



तिलहर इंडेन गैस एजेंसी पर सर्वर समस्या के चलते लाइन में लगे उपभोक्ता।

**संवाददाता, तिलहर**

- **केवाईसी और बुकिंग में दिक्कत घंटों इंतजार के बाद भी नहीं मिल रही सुविधा**

**अमृत विचार :** घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। सर्वर समस्या के चलते गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं में आक्रोश देखने को मिला। तिलहर इंडेन गैस एजेंसी पर सुबह से ही महिला और पुरुष उपभोक्ता लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे, लेकिन नंबर आने पर सर्वर न चलने की बात कहकर उन्हें वापस लौटा दिया गया।

बीते दिनों एजेंसी पर धक्का-मुक्की के दौरान गेट का शीशा भी टूट गया था, जिसके बाद स्थिति को संभालने के लिए पुलिस तैनात करनी पड़ी थी। गुरुवार को भी ऑनलाइन बुकिंग और स्लिप निकलने की समस्या बनी रही। डीएसी स्लिप जारी करने से पहले सभी उपभोक्ताओं की केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है, जिससे दिक्कत और बढ़ गई है। इस बीच सरकारी स्कूलों में मिड-डे-मील के लिए गैस सिलेंडर संबंधित स्कूल के अध्यापक की मांग पर देने के निर्देश भी दिए गए हैं। तिलहर इंडेन गैस एजेंसी संचालक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सर्वर में समस्या आने के कारण केवाईसी सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि एजेंसी पर करीब 14 हजार गैस कनेक्शन हैं, जिनमें से लगभग आठ हजार उपभोक्ताओं की केवाईसी पूरी हो चुकी है और बाकी प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहता है कि किसी भी उपभोक्ता को निराश न लौटना पड़े, लेकिन सर्वर दिक्कत के कारण परेशानी आ रही है।

## जिला बदर अपराधी पाक्सो में गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त सुमित गुप्ता निवासी हुंडाल खेल चौक कोतवाली के खिलाफ पोक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज था, जो जिला बदर अपराधी भी था।

पुलिस ने फरार अभियुक्त सुमित को मौजमपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। जिला बदर अपराधी पर पहले से विभिन्न धाराओं के 17 मुकदमे दर्ज है। अभियुक्त ने महिला को शादी का झांसा देकर बाहर ले गया था। उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने शादी के लिए कहा तो अभियुक्त ने उसके साथ मारपीट की और भगा दिया था। आरोपी ने एक लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी थी। पुलिस ने जिला बदर अपराधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अभियुक्त का चालान कर दिया।

# गैस कालाबाजारी पर शिकंजा, सिलेंडर जब्त

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी की। इस दौरान कुल 21 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए और संबंधित आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हालात के चलते गैस की कालाबाजारी की आशंका को देखते हुए यह अभियान चलाया गया। गुरुवार को तहसील कलान, सदर और नगर निगम क्षेत्र में पूर्ति निरीक्षकों के नेतृत्व में टीमों ने ढाबों, रेस्टोरेंट और दुकानों का औचक निरीक्षण किया। तहसील तिलहर क्षेत्र के कटरा नगर में पूर्ति निरीक्षक ने फैमिली ढाबा एंड गुप्ता होटल से 14.2 किलोग्राम के दो भरे घरेलू गैस सिलेंडर और भारत ढाबा से एक सिलेंडर बरामद किया, जिन्हें सावित्री इंडेन गैस एजेंसी मीरानपुर कटरा की अभिरक्षा में सौंपा गया। वहीं तहसील पुवायां क्षेत्र के नगर खुटार में अमन इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान और घर से 14.2 किलोग्राम के 18 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए, जिन्हें शिव एचपी गैस एजेंसी खुटार को सौंपा गया। इस मामले में अमन पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी खुटार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3-7 के तहत थाना खुटार में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## गैस सिलेंडर किल्लत पर सपा महिला सभा ने किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खिरनी बाग जीआईसी मैदान के पास सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गैस किल्लत के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव के निर्देश पर हुए प्रदर्शन में केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा ने कहा कि गैस की कमी से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। किरन कठेरिया ने कहा कि सरकार की ओर से गैस की कमी न होने का दावा जनता के साथ मजाक है। जाफरीन, निधि श्रीवास्तव, ममता देवी, राज बेटी, अरुण गुप्ता, विटोली देवी, सुनीता देवी, नन्ही, सीमा, प्रियंका, सुनीता राणा, बबीता कश्यप, मुस्कान आदि मौजूद रहीं।

## लखनऊ की फोरेंसिक टीम ने विवेचक को किया तलब

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- **अब तक के साक्ष्य मांगे, अभिषेक हत्याकांड का मामला**

**अमृत विचार:** आरसी मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला फत्तेपुर रेती निवासी सुमन ने 13 जनवरी को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 19 दिसंबर 2020 को रौजा क्षेत्र में एक दुकान में जली अवस्था में एक शव बरामद हुआ था। शव की पहचान के लिए सुमन और उनके पति रामौतार यादव की डीएनए जांच के लिए सैंपल लिए गए। रिपोर्ट में शव अभिषेक का होने कि पुष्टि हुई थी। सुमन के मुताबिक अभिषेक मोहल्ले के ही शानू के साथ रौजा क्षेत्र में स्थित एक ढाबे पर खाना खाते गया था। जहां उसका बुलैरो चालक नईम और राजू निवासी अज्ञात से विवाद हो गया था। आरोप है कि दोनों ने अभिषेक को पहले पीटा फिर हत्या कर शव को दुकान में डालकर आग लगा दी थी। पुलिस ने नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन न तो हत्या की वजह स्पष्ट हो सकी। पुलिस मृतक के मोबाइल फोन की काल डिटेल भी नहीं जुटा पायी है। इंस्पेक्टर आरसी मिशन धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने खुलासे में गहनता से साक्ष्य संकलन के लिए लखनऊ की विशेष फोरेंसिक टीम को पत्र भेजा था। अब टीम ने विवेचक को ही अब तक जुटाए गए साक्ष्यों के साथ लखनऊ तलब किया है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि लखनऊ फोरेंसिक टीम पहले यहां से जुटाए गए साक्ष्यों का अवलोकन करेगी, उसके बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

## घर में घुसकर दंपती व बेटे को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव जोगीपुर निवासी शांति देवी पत्नी देवीसरन ने तहरीर देकर बताया कि 27 फरवरी की रात करीब 10 बजे वह अपने पति और पुत्र अरुण कुमार के साथ घर पर थीं, तभी गांव के ही ओमपाल, राजकुमार और पप्पू पुत्र दीपलाल गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए और उनके पति को पकड़कर लात-घूसों से पीटने लगे। इस दौरान बचाने पहुंचे बेटे अरुण के सिर पर पप्पू ने ईंट मार दी, जिससे वह घायल हो गया और उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि ओमपाल की पत्नी लीलावती और पप्पू की पत्नी उषा भी मौके पर पहुंच गईं और उन्होंने शांति देवी के साथ मारपीट करते हुए घर का सामान तोड़ दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# घेरचौबा में चोरों ने मकान खंगाला

**संवाददाता, तिलहर**

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला घेरचौबा निवासी सीमा ने बताया कि 17 मार्च की शाम वह अपने परिवार के साथ बरैचा गांव में एक शादी समारोह में गई थी। घर बंद करते समय उन्होंने पड़ोस में रहने वाले पप्पू से ताला लेकर मुख्य दरवाजे पर लगाया और उसकी चाबी भी उसी को सौंप दी थी। 19 मार्च की सुबह जब वह वापस लौटीं तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला और अंदर कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ था। उन्होंने बताया कि अलमारी से एक सोने का मांग टीका, एक बेसर, एक सोने का पेंडल, बच्चों के तीन जोड़ी चांदी के खड़वा, एक चांदी की करधनी, दो जोड़ी चांदी की पायल, तीन चांदी के सिक्के और 35 हजार रुपये नगद गायब थे। सूचना मिलने पर चौहटियां चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करते हुए पड़ताल शुरू की। पुलिस का कहना है कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और हर पहलू से जांच की जा रही है। कोतवाली प्रभारी ने बताया मामले की जांच की जा रही है।



तिलहर के घेरचौबा मोहल्ले में चोरी के बाद घर के बाहर बैठे लोग। ● अमृत विचार

## व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बंडा थाना क्षेत्र के गांव बसंतापुर निवासी 45 वर्षीय राम अवतार बुधवार को खेत पर आलू खोदने के लिए गया था। वह शाम को खेत से अपने घर पर आया। घर पर आने के बाद पानी पीने के बाद अचानक उनकी तबीयत खराब हो गयी। उसकी पत्नी किरन देवी पति को बेहोशी की हालत में सीएचसी पर ले गयी। डाक्टर ने उसके पति को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने मृतक की पत्नी से जानकारी की। उसने बताया कि खेत से घर पर आने के बाद पानी पिया और तबीयत खराब हो गयी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, तीन घायल

**संवाददाता अल्हागंज/ शाहजहांपुर**

- **अल्हागंज, रोजा और गढ़िया रंगीन में हुए सड़क हादसे**

**अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी और तीन घायल हो गए।

बरेली जिले के थाना बहेड़ी के गांव पिदारी निवासी मोहम्मद मुस्तकीम अपने साथी शाहिद के साथ बाइक से फर्रुखाबाद से बरेली जा रहे थे। जलालाबाद-अल्हागंज मोड़ पर सुगसुगी मोड़ पर ढाबे के सामने कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। बाइक मोहम्मद मुस्तकीम चला रहा था। चालक कंटेनर लेकर भाग गया। अल्हागंज पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सीएचसी जलालाबाद पर भेज दिया। डाक्टर ने शाहिद को मृत घोषित कर दिया। इधर अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव गांव ज्ञानपुर निवासी गोविंद बुधवार की शाम साइकिल से जा रहे थे। रामपुर गांव के सामने बाइक ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार घायल हो गया। जबकि बाइक सवार शालिकराम निवासी अल्हागंज भी घायल हो गया। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी पर भेज दिया।

### ट्रक से बाइक टकराई, युवक की जान गई

**रोजा, अमृत विचार :** बरेली जिले के थाना किला के मोहल्ला लीची बाग निवासी 22 वर्षीय मोहिसन अपने एक साथी के साथ गुरुवार की सुबह साढ़े छह बजे रोजा से बरेली जा रहे थे। रोजा थाना क्षेत्र में अटसलिया ओवरब्रिज पर एक ट्रक टायर फट गया था और ट्रक सड़क पर खड़ा था। अचानक बाइक खड़े ट्रक में जाकर घुस गयी, जिससे बाइक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गयी। बाइक पर सवार मोहिसन और उसका साथी घायल हो गए। रोजा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को बेहोशी की हालत में मेडिकल कालेज भेज दिया। डाक्टर मोहिसन को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल का उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक के परिवार वालों को सूचना दे दी है। चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। रोजा थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**हादसे ठिलिया स्वामी की मौत :** गढ़िया रंगीन/जैतीपुर, अमृत विचारः गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव कुंजलपुर निवासी 25 वर्षीय हरिओम ठेला लेकर अपने कमरे में आ रहा था। पीछे से क्रेन ने ठेले को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गयी।

# सीने की पसली टूटने से हुई थी मौत, शिनाख्त नहीं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान पुलिस ने मौरंग से भरे एक ट्रक में मिले में अज्ञात व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने की पसली टूटने और दबकर मौत हुई है। ट्रक उत्तराखण्ड के नैनीताल से मौरंग लेकर आया था। पुलिस टीम उत्तराखण्ड गई हुई है।

सोमवार की रात साढ़े 9 बजे नैनीताल शान्तिपुरम क्रेशर उत्तराखण्ड से ट्रक चालक इम्तियाज वैसपरेवा थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत तथा हैलपर अलीम निवासी करायम नगला थाना बहेड़ी जिला बरेली मौरंग भरकर चले थे। ट्रक चालक मंगलवार की सुबह 6 बजे कलान में आंधीदेई स्थित दुकान पर पहुंचा। मजदूर नत्थू ने डाला खोलकर मौरंग गिरानी शुरू की तो मौरंग के अंदर एक पैर दिखायी दिया। मौरंग हटायी तो एक व्यक्ति का शव दबा हुआ मिला। मृतक की उम्र करीब 45 साल होगी। चालक ने कलान थाना को सूचना दी। पुलिस ने चालक व हेल्पर से पूछताछ की।

शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस की एक टीम नैनीताल गयी हुई है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने की पसली टूटने और दबकर मौत हुई है। कलान थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है।

## युवक ने कुंडे से फंदा लगाकर दी जान

**कांट/शाहजहांपुर, अमृत विचार**

कांट थाना क्षेत्र के ग्राम जमौर निवासी 30 वर्षीय सत्यपाल ने बुधवार की रात आठ बजे खाना खाया और मकान के बरामदे में सोने के लिए चला गया। परिवार के अन्य लोग कमरे में सोने के लिए चले गए। बुधवार की रात में उसने किसी समय पंखे के कुंडे से गमछे का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई विनोद कुमार ने गुरुवार की सुबह देखा कि उसके भाई का शव बरामदे में कुंडे से लटका हुआ है। उन्होंने कांट थाना पर सूचरा दी। प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतार लिया। विनोद कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका भाई सत्यपाल शराब पीने का आदी था। उन्होंने बताया कि कोई आरोप नहीं है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कार की टक्कर में दादी-पोती की मौत

**शाहजहांपुर/ मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** जलालाबाद रोड पर कार की टक्कर में बाइक सवार दादी पोती की जान चली गयी। बाइक चला रहा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक समेत कार में सवार महिला और बच्ची को भी चोट लगी है।

कमलापुर ( खैरपुर) निवासी बुधपाल 40 पुत्र कल्याण अपनी मां रामवती 65 और बेटी रौनक 12 के साथ बाइक पर मौसी के घर गांव कपूरापुर जा रहे थे। गांव फीलनगर के पास जलालाबाद रोड पर पीछे से तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार तीनों लोग बुरी तरह लहूलुहान होकर दूर जा गिरे। बाईक क्षतिग्रस्त हो गई। क्षतिग्रस्त कार भी अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। कार में सवार चालक बरेली निवासी विजयपाल समेत एक महिला और बच्ची को भी चोटें आईं। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ लग गई। लोगों ने कार से सवारों को निकाला। बाइक सवारों की हालत गंभीर देखकर पुलिस को सूचना दी। तत्काल पुलिस ने पहुंचकर सबको उपचार के लिए भेजा। बरेली में रामवती और रौनक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बुधपाल का उपचार हो रहा है। कार और बाइक पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। कार चालक भी पुलिस अभिरक्षा में है।

### कार ने टेंपो में मारी टक्कर, सब्जी विक्रेता की जान गई, घायल चालक का चल रहा उपचार

**अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव खड़खड़ी निवासी 40 वर्षीय निसार अली प्रतिदिन सब्जी मंडी से सब्जी खरीदकर लाता था और गांव की बाजार में दुकान लगाकर सब्जी बेचता था। बुधवार की सुबह सात बजे वह टेंपो पर बैठकर सब्जी लेने मंडी जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बतलैया गांव के सामने कार ने पीछे से टैंपो को टक्कर मार दी, जिससे सब्जी विक्रेता और टैंपो चालक बाजिद निवासी बतलैया थाना मीरानपुर कटरा घायल हो गए। टक्कर लगने के बाद कार सड़क के किनारे खाई में चली गई और पलट गई। चालक कार छोड़कर भाग गया। सूचना पर कटरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सब्जी विक्रेता निसार अली और टैंपो चालक बाजिद को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डॉक्टर ने सब्जी विक्रेता को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने टैंपो चालक को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने कार व टैंपो को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बैठक में वसूली तेज करने के दिए निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड शाहजहांपुर के अटल सभागार में वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन के दृष्टिगत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने की। बैठक में संतुलन पत्र, ऋण वसूली, ऋण वितरण, निक्षेप संचय और पैक्स कम्प्यूटराइजेशन जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई।

अध्यक्ष ने शाखा प्रबंधकों के कार्यों की समीक्षा करते हुए एक लाख से अधिक के बकायेदारों और एनपीए खातों से वसूली तेज करने के निर्देश दिए। किसान ऋण पोर्टल पर डाटा फीडिंग और ई-पैक्स के गो-लाइव कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने को कहा गया। अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की आर्थिक उन्नति और सहकारिता को मजबूत बनाना लक्ष्य है, इसलिए वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले शत-प्रतिशत ऋण वसूली और निक्षेप संचय सुनिश्चित किया जाए और जानबूझकर ऋण न चुकाने वालों से सख्ती की जाए। बैठक में 31 मार्च 2026 को वार्षिक संतुलन पत्र तैयार करने, जीएल खातों के रिकन्सीलेशन, उर्वरक स्टॉक की समीक्षा और सदस्यता महाभियान के तहत जमा अंशपूंजी पर भी चर्चा हुई। बैठक में सहायक आयुक्त सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह, बैंक के सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ दिवेदी, जिला सहकारी अधिकारी आनंद श्रीवास्तव सहित सभी शाखाओं के प्रबंधक मौजूद रहे।







# 299 किसानों का नहीं किया भुगतान

## 72 घंटे का दावा फेल, धान खरीद के बाद 6.47 करोड़ रुपये अब भी बकाया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में धान खरीद के बाद किसानों को 72 घंटे में भुगतान देने का सरकारी दावा पूरी तरह फेल साबित हो रहा है। यूपीएसएस एजेंसी की ओर से 299 किसानों का करीब 6 करोड़ 47 लाख रुपये अब तक नहीं दिया गया है, जिससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

समय पर भुगतान न मिलने से किसान गेहूं की फसल की कटाई और अन्य जरूरी कार्यों में पिछड़ रहे हैं और मजबूरी में साहूकारों से कर्ज लेकर काम चला रहे हैं। जानकारी के अनुसार धान खरीद के दौरान किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर लाकर 72 घंटे में भुगतान का भरोसा दिया जाता है, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी सैकड़ों किसानों को पैसा नहीं मिला है। यूपीएसएस एजेंसी ने 7033 किसानों से 61202 मीट्रिक टन धान खरीदा था, जिसमें अधिकांश किसानों को भुगतान हो चुका है, लेकिन 299 किसानों का पैसा अब भी अटका हुआ है। इस समय गेहूं की फसल कटने के लिए तैयार है और किसानों को कंबाइन मशीन व मजदूरी के लिए तुरंत नकदी की जरूरत है, लेकिन भुगतान न मिलने से हालात बिगड़ रहे हैं। दूसरी ओर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि जिस एजेंसी पर भुगतान रोकने के आरोप हैं, उसी को शासन की ओर से गेहूं खरीद के लिए 25 नए क्रय केंद्र दे दिए गए हैं। इससे किसानों में नाराजगी बढ़ गई है और वे नई खरीद में समय पर भुगतान को लेकर संशय में हैं। यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो गेहूं खरीद के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है।


धान बेचने के लिए लाइन में लगे किसानों के ट्रैक्टर-ट्राली। (फाइल फोटो)।

एजेंसी को जल्द से जल्द किसानों का बकाया भुगतान उनके खातों में भेजने के निर्देश दिए गए हैं। दोबारा ऐसा न हो इसके लिए भी कहा गया है। हमारा प्रयास है कि किसानों को जल्द पैसा मिल जाए। – **रजनीश कुमार मिश्र**, एडीएम प्रशासन

### जिले में सरकारी खरीद को लेकर उठ रहे सवाल

धान खरीद के समय किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर 72 घंटे में भुगतान का भरोसा दिया जाता है, लेकिन हकीकत में महीनों बाद भी भुगतान नहीं हो रहा है। इससे किसानों का भरोसा टूट रहा है और वे भविष्य में सरकारी खरीद व्यवस्था से दूरी बनाने को मजबूर हो सकते हैं। गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार खड़ी है, लेकिन किसानों के पास मजदूरी और मशीन के लिए पैसा नहीं है। भुगतान न मिलने से किसान साहूकारों से कर्ज लेकर काम चला रहे हैं, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है।

### एक नजर में

- 7033 किसानों से खरीदा गया 61202 मीट्रिक टन धान
- 299 किसानों का 6.47 करोड़ रुपये अब भी बकाया
- 72 घंटे में भुगतान का दावा पूरी तरह फेल

## रंजिशन चाकू मारकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव बसुआमई निवासी कृष्णपाल ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 6 मार्च को पत्नी ममता ने थाना पर पातीराम, दयाराम के खिलाफ बच्चों के विवाद को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

आरोपी रिपोर्ट दर्ज कराने पर रंजिशन मानने लगे थे। 14 मार्च की शाम सात बजे वह अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद था, जो कि खाना खाने की तैयारी कर रहे थे। आरोपी पातीराम, दयाराम, भानुप्रताप, नरायन आदि लोग एक राय होकर चाकू, तमंचा और डंडे लेकर घर में घुस आए। आरोपी गालियां देने लगे। विरोध करने पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी पातीराम समेत चार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## हवन पूजन कर मनाया हिंदू नववर्ष

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शाहजीपुर महानगर की ओर से नव संवत्सर विक्रम संवत 2083 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर किडजी एलिमेंट्री स्कूल में सामूहिक हवन पूजन और प्रसाद वितरण कर हिंदू नववर्ष मनाया गया। महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर, महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर, विभाग मंत्री अशनील सिंह, महानगर उपाध्यक्ष रमेश कोरी, महानगर मंत्री धर्मेंद्र, प्रचार प्रमुख अनुभव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल ने मनाया हिन्दू नव वर्ष

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बसंल के आह्वान पर व्यापारियों हिन्दू नव वर्ष संगठन के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह गोल्डी के नेतृत्व में रोडवेज बस स्टैंड के सामने गोल्डी बस सर्विस पर धूमधाम से मनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अपर सहायक नगर आयुक्त संगीता कुमारी व नरमू के सचिव नरेन्द्र त्यागी ने अपने संबोधन में नव वर्ष चैत्र माह के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को बधाई दी। इस दौरान हिन्दू नववर्ष पर समाज के कई संभ्रांत लोगों को सम्मानित किया गया।

संगठन के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह गोल्डी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय संदीप बंसल का प्रयास है कि हिन्दू नव वर्ष चैत्र माह में ही मनाया जाना चाहिये। आज की पीढ़ी को यह संदेश पहुंचाने का उनका यह प्रयास है। संगठन के महानगर अध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला ने कहा कि हमारी आज की पीढ़ी को जागरूक होना चाहिये कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। अग्रेजी नव वर्ष अंग्रेजों का है, जिसे देशवासी धूमधाम से मनाते हैं पर हमारा नव वर्ष मुख्य रूप से चैत्र माह में ही शुरू होता है। यह आज की पीढी को जरूर पता होना चाहिए और इसे पूरे देश में सभी देशवासियों को धूमधाम से मनाना चाहिये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


रोडवेज के सामने हिन्दू नववर्ष पर समाज के लोगों को सम्मानित करते आयोजक।

## नहीं दिखा चांद, ईद कल मनाई जाएगी

**शाहजहांपुर , अमृत विचार :** बृहस्पतिवार शाम को ईद का चांद देखा गया, लेकिन चांद नहीं दिखा। जामा मस्जिद व ईदगाह के पेश इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने बताया कि शाम को चांद देखने की कोशिश की गई। लेकिन चांद नहीं दिखा। कहीं से चांद की शहादत भी नहीं मिली है। इसलिए अब ईद शनिवार को मनाई जाएगी। इस बात का ऐलान पेश इमाम मंजरी ने किया।

बताते चलें कि ईद-उल-फित्र के मद्देनजर चांद कमेटी की ओर से गुरुवार शाम 5:30 बजे ईद-उल-फित्र का चांद देखने की अपील की गई थी। कमेटी ने बताया कि शहर में चांद देखने का एहतिमाम किया गया था। लोगों से इसमें शामिल होने की गुजारिश की गई थी। लेकिन, आज चांद नहीं दिखा।
















## न्यूज डायरी



### एक ही पौधे से टमाटर और आलू दोनों का उत्पादन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कम लागत और कम क्षेत्र में अधिक उत्पादन कर किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से एक नया प्रयोग सामने आया है, जिसमें एक ही पौधे में ऊपर टमाटर और नीचे जड़ में आलू का उत्पादन किया जा रहा है। इस अनोखे पौधे को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को भेंट कर गंगानगर के प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा ने इस तकनीक की जानकारी दी गई।

बताया कि वर्तमान समय में खेती में ऐसे प्रयोगों की आवश्यकता है, जिससे कम जगह में ज्यादा उत्पादन हो सके और किसान की आय में बढ़ोतरी हो। यह प्रयोग देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की किसान हितैषी सोच के अनुरूप बताया गया। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अनुज द्विवेदी, मयंक दीक्षित और गुड्डू गौतम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बच्चों संग मनाई ईद की खुशियां, बांटे उपहार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** समाजसेवी संस्था सहयोग की ओर से भावलखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत दिउरिया में बच्चों के साथ ईद की खुशियां साझा की गईं। संस्था के पदाधिकारियों ने गांव पहुंचकर बच्चों को फल, मिठाई, सिमईया, नमकीन, बिस्कुट और फ्रूटी उपहार के रूप में वितरित किए। इस मौके पर संस्थापक शाहनवाज खां एडवोकेट और प्रधान अनिल गुप्ता ने कहा कि त्योहार का असली आनंद तभी है जब उसे सभी लोग मिलकर मनाएं। यदि आसपास कोई दुखी है तो त्योहार की खुशी अधूरी रहती है। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में त्योहार ही आपसी मेलजोल का माध्यम बनते हैं। संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता और महासचिव विकास सक्सेना ने बताया कि संस्था हमेशा ऐसे स्थानों पर पहुंचती है जहां लोगों को सहयोग की आवश्यकता होती है, इसी उद्देश्य से दिउरिया गांव का चयन किया गया, जहां कई जरूरतमंद परिवार रहते हैं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बसीउल्ला का सहयोग रहा। इस दौरान सैय्यद अनवर मियां, शिवम वर्मा, स्तुति गुप्ता, सुमन गुप्ता, संगीता गुप्ता, ममता यादव, सबाब, सुधीर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम की ओर से डॉक्टर सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में चल रही जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका हॉकी एवं हैंडबॉल प्रतियोगिता का आज तीसरे दिन पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएचसी प्रभारी डॉ उस्मान अली खां ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्र प्रतियोगिता समापन एवं पुरस्कार वितरण जिला ओलंपिक संघ के महासचिव नरेंद्र त्यागी ने खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर राहुल तोमर, पंकज सक्सेना, निशांत चौधरी, अजय पाल वर्मा, मुजाहिद अली, इरफान खान, शकील अहमद, महजबी, वंदना सैनी, सचिन प्रेमी, अनूप मिश्रा , सुशील भारती, सौरभ, सुनील सिंह, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

### बीआरसी पर मेरा आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन

**सिंधौली, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर निपुण भारत मिशन के तहत बाल विकास पुष्टाहार विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से 'मेरा आंगन मेरे बच्चे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की शिक्षा और समग्र विकास को लेकर जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण देव यादव ने कहा कि शासन की मंशा है कि 3 से 6 वर्ष तक के सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि छह वर्ष से कम आयु के बच्चों का पंजीकरण आंगनबाड़ी केंद्रों की बाल वाटिकाओं में और छह वर्ष से अधिक आयु के बच्चों का प्रवेश कक्षा एक में कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल-खेल में शिक्षा देने से बच्चों को विद्यालय घर जैसा लगेगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 निपुण छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। एआरपी अतुल शुक्ला ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी दी, जबकि डॉ. रूपेंद्रजीत सिंह ने निपुण भारत मिशन पर प्रकाश डाला।

**न्यूज ब्रीफ**

### उसहैत के गांव में महिला फंदे पर लटकी

**उसहैत, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव असमया रफतपुर निवासी ध्यान पाल की पत्नी अनीता उम्र 38 वर्ष ने गृह कलेश के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि ध्यान मजदूरी करने गया था। और उसका पुत्र अनमोल (17) स्कूल गया हुआ था। जब वह घर लौटा तो उसने कमरे में अपनी पत्नी के शव को झूलते देखा। जिस पर उसके होश उड़ गए। हादसे की सूचना उसने थाना पुलिस को दी। सूचना पर थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह मय फोर्स फोरेंसिक टीम के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने शव को फांसी के फंदे से शव को उतार कर पीएम को भेजा है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका के परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

### वाहन की टक्कर से बाइक चालक घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** कछला-बिसौली मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के सामने बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद बाइक सवार सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# चैत्र नवरात्र: देवी मंदिरों में उमड़े भक्त, गूंजे माता के जयकारे

## प्रथम दिन मंदिरों और घरों में हुई कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा, प्राचीन नगला मंदिर में सुबह से लगी भक्तों की कतार

कार्यालय संवाददाता बदायूं

**अमृत विचार :** कलश स्थापना के साथ ही गुरुवार को घरों और मंदिरों में महामंत्र या देवी सर्वभूतेषु.. शक्ति रूपेण संस्थिता से गुंजायमान हो गए। मां दुर्गा के नौ दिनों तक चलने वाले पूजा- अर्चना में लोगों ने अपने आप को पूरी तरह से समर्पित कर दिया है। नवरात्रि के पहले दिन देवी भक्तों ने उपवास रखकर कलश स्थापना के बाद मां के प्रथम शैलपुत्री स्वरूप की पूजा हुई। शहर के नगला स्थित शक्ति पीठ मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ी। दिनभर मां के जयकारे मंदिरों में गूंजते रहे।

प्राचीन नगला शक्तिपीठ मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने मां को मिष्ठान, फल-फूल, नारियल, श्रृंगार सामग्री और चुनरी आदि भेंट करते हुए जयकारे लगाए। शहर में गांधी नगर प्राचीन देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। दिन भर धार्मिक अनुष्ठान जारी रहे। उधर, शहर के गौरी शंकर, बिरूआबाडी तथा अन्य मंदिरों में भी दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने अपने-अपने घरों में कलश की स्थापना कर व्रत की शुरुआत की। नवरात्रि के लिए देवी मंदिरों को फूलों की लड़ियों और बिजली की रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया है।



मां भवानी के दर्शन करने के लिए लाइन में खड़े भक्त ● अमृत विचार



मां काली के दर्शन कर पूजा करते श्रद्धालु ● अमृत विचार

### घर-घर हुई कलश स्थापना, मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**करियामई, अमृत विचार :** इस्लामनगर विकास खंड क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू हो गया है। पहले नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में कलश स्थापना कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। ग्राम करियामई स्थित गमादेवत मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा की, जल चढ़ाया और मां की आरती कर परिक्रमा लगाई। मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। नवरात्रि के नौ दिनों तक श्रद्धालु मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करेंगे।



मंदिर में पूजा करती माता की नन्ही भक्त

### मंदिर के बाहर हवन पूजन सामग्री की सजी दुकानें

नगला स्थित प्राचीन मॉ काली के मंदिर में वासंतिक नवरात्रि के पहले दिन भोर से माता रानी के दर्शन करने के लिए भक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। भक्तों ने मंदिर के बाहर सजी दुकानों से हवन पूजन सामग्री की खरीदारी कर मां भगवती की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया। मंदिर में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला दोपहर तक चला। इसके बाद शाम पांच बजे के बाद फिर से भक्त जुटने शुरू हो गई। मंगला आरती के बाद आरती हुई। जिसमें बड़ी संख्या में माता के भक्त मौजूद रहे।

### नव संवत्सर विक्रम संवत 2083 पर हुआ यज्ञ

**उझानी , अमृत विचार :** नव संवत्सर विक्रम संवत 2083 एवं चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर बालाजी पुरम में दुर्वेश के निवास पर श्रद्धा, आस्था और वैदिक परंपरा के साथ एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया। आध्यात्मिक ऊर्जा से वातावरण सुगंधित हो उठा। श्री शर्मा ने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा है। यज्ञ अनुष्ठान मानव जीवन को शुद्ध, संतुलित और सकारात्मक बनाने का वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक माध्यम है। यजमान दुर्वेश कुमार ने यज्ञ में आहुतियां डाली। उनके साथ अन्य लोगों ने भी विश्व कल्याण के लिए यज्ञ भगवान को गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र की विशेष आहुतियां समर्पित कीं। इस मौके पर निर्मला देवी, यादवेंद्र, हर्षवर्धन, शिखा सिंह, अंश आदि मौजूद है।



हवन पूजन करते श्रद्धालु ● अमृत विचार

### कैंटर की टक्कर से युवक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** बदायूं-मेरठ हाईवे पर गुरुवार को नेनोल बागवाला गांव के पास खड़े कैंटरमें पीछे से आ रहे दूसरे कैंटर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पंचर हो जाने पर कैंटर सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरानपीछे से आ रहे दूसरे कैंटर ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दूसरा वाहन पेड़ से टकराकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे उसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को फौरन जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान वसीम (22) पुत्र निजाकत निवासी उघेनी, थाना अलापुर के रूप में हुई है।

## शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर मांगी सुख समृद्धि की दुआ

**बिल्सी, अमृत विचार :** चैत्र माह के प्रथम नवरात्रि के पावन अवसर पर बृहस्पतिवार को देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। नगर के प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर, बिजलीघर रोड स्थित नवदुर्गा मंदिर, शिव शक्ति भवन मंदिर, देववाणी मंदिर, मां खेड़े वाली देवी मंदिर सिरासौल सहित अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने माता के चरणों में नारियल, फल-फूल और प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल कामनाएं कीं। मंदिर परिसर जयकारों से गूंजते रहे और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। धार्मिक मान्यता के अनुसार मां शैलपुत्री की आराधना से जीवन में स्थिरता, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। नवरात्र के पहले दिन घरों में भी विधि-विधान से कलश स्थापना कर नौ दिवसीय पर्व का शुभारंभ किया गया। नगर के कुटी मंदिर एवं मोहल्ला संख्या दो के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर महिलाओं ने देवी भजन गाकर आराधना की। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन सतर्क नजर आया, महिला एसआई रचना देशवाल ने फोर्स के साथ नगर के प्रमुख मंदिरों के आसपास व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए।

### शक्ति की भक्ति, जयकारों के साथ घर-घर विराजीं जगदम्बे

**ओरछी, अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्र के प्रथम दिन बृहस्पतिवार को समूचा क्षेत्र शक्ति की भक्ति में सराबोर नजर आया। घर-घर विधि-विधान के साथ घट स्थापना की गई, देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। ''जय माता दी'' के जयकारों और मंत्रोच्चार से वातावरण पूरी तरह धर्ममय हो गया। श्रद्धालुओं ने स्नान-ध्यान के बाद माता के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। शुभ मुहूर्त में घरों और सार्वजनिक पंडालों में कलश स्थापना की गई। भक्तों ने माता को लाल चुनरी, नारियल और श्रृंगार की सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नौ दिनों के अखंड व्रत का संकल्प भी लिया। स्थानीय प्रसिद्ध देवी मंदिरों में बृहस्पतिवार को पैर रखने की जगह नहीं रही। तड़के से ही लंबी कतारों में खड़े भक्तों ने माता रानी के दर्शन किए। फूलों और विद्युत सजावट से सजे मंदिरों की छटा देखते ही बन रही थी, त्योहार को लेकर बाजारों में भी भारी चहल-पहल देखी गई। फल, फूल, पूजन सामग्री और चुनरी की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ जुटी रही। लोगों ने उपवास के लिए कुट्टू का आटा, फल और मेवों की जमकर खरीदारी की।

## तहसीलदार के व्यवहार से आहत महिला वकील ने दी आत्मदाह की धमकी, दौड़े अधिकारी

**दातागंज, अमृत विचार:** तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई न किए जाने से आहत महिला वकील द्वारा आत्मदाह किए जाने के लिए थाना पुलिस और तहसील प्रशासन को अवगत कराया। जिस पर पुलिस और तहसील प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। फौरन ही एसडीएम ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और महिला अधिवक्ता के पास पहुंचकर वार्ता की। और तहसीलदार पर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है।

- **एसडीएम ने महिला अधिवक्ता और बार एसोसिएशन को दिया कार्रवाई का आश्वासन**

तहसीलदार रामचंद्र सिंह के साथ 28 फरवरी को अधिवक्ता आशा दिक्षित, कुलदीप अग्निहोत्री के साथ विवाद हो गया था। आरोप था कि तहसीलदार ने उनके साथ अभद्र व्यवहार है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारी किए बर्ताव पर तहसीलदार से मिलने पहुंचे। लेकिन तहसीलदार ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से भी उचित व्यवहार नहीं किया। इस प्रकरण में दोनों ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। साथ ही एसडीएम को भी मामले से अवगत कराया था। लेकिन न एसडीएम स्तर से कोई कार्रवाई हुई और न थाना पुलिस ने कार्रवाई की। इसके बाद महिला अधिवक्ता ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता के साथ मिलकर डीएम से भी शिकायत की थी। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन और पुलिस के ढुलमुल रवैए से परेशान महिला अधिवक्ता ने 23 मार्च को तहसील परिसर में आत्मदाह किए जाने की चेतावनी दी। महिला अधिवक्ता के आत्मदाह करने की चेतावनी से तहसील प्रशासन और थाना पुलिस के हाथ पांव फूल गए।



# गैस की किल्लत: रोजाना लंबी हो रही लाइन

## 25 हजार में मात्र 7 से 8 हजार सिलेंडर का हो रहा वितरण, कालाबाजारी न होने का दावा कर रहे अफसर

कार्यालय संवाददाता बदायूं

**अमृत विचार :** शहर में गैस सिलेंडर की भारी किल्लत ने आम लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। गुरुवार को विभिन्न एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिली, जहां लोग सुबह से लेकर दोपहर तक कड़ी धूप में भूखे-प्यासे खड़े रहे। कई घंटों के इंतजार के बाद कुछ लोगों को सिलेंडर मिल पाया, जबकि बड़ी संख्या में लोग निराश होकर वापस लौट गए। त्योहार के दौरान सिलेंडर न मिलने पर लोग को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। जिससे वह बेहद परेशान दिख रहे हैं। वहीं अधिकारी और एजेंसी संचालक भरपूर स्टॉक होने का दावा कर रहे हैं।

अन्य दिनों की तरह ही गुरुवार को भी शहर की विभिन्न एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतार देखने को मिली। लोगों ने बताया कि गैस सिलेंडर पाने के लिए सुबह 5 बजे से ही लाइन में लगना पड़ रहा है। जो लोग देर से पहुंचे, उन्हें अक्सर खाली हाथ लौटना पड़ता है। इंदिरा चौक स्थित सिंह गैस एजेंसी पर लंबी लाइन दिखाई दी। ऐसा ही स्थिति बदायूं गैस एजेंसी पर रही। जहां लोगों को बुकिंग कराने के साथ लोग सिलेंडर पाने के लिए जद्दोजहद करते हुए दिखाई दिए। दोपहर दो बजे तक एजेंसियों पर वितरण चला उसके बाद एजेंसी संचालकों ने ऑफिस बंद कर दिया। जिसके कारण अधिकांश उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ा। वहीं ईद और नवरात्रि जैसे त्योहारों के कारण गैस की मांग अधिक बढ़ गई है। ऐसे समय में सिलेंडर की कमी से लोगों में नाराजगी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि त्योहार के मौके पर भी उन्हें समय पर गैस नहीं मिल पा रही है, जिससे घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है। साथ ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


गैस के लिए एजेंसी पर लाइन में लगे उपभोक्ता ● अमृत विचार

### 25 दिन की अनिवार्यता समाप्त के बाद मिलेगी राहत

एजेंसी संचालकों का कहना है कि स्टॉक में सिलेंडर भरपूर हैं। लेकिन जब तक 25 दिनों की अनिवार्य अवधि में राहत नहीं दी जाएगी, तब तक समस्या बनी रहेगी।

### पीएनजी सेवा अब तक नहीं हो सकी शुरू

शहर के कई इलाकों में पीएनजी पाइप लाइन पड़ गई है। लेकिन वह अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। ऐसे में लोग एलपीजी पर ही निर्भर हैं। लोगों को कहना है कि घरों में लकड़ी या कोयले का उपयोग करना संभव नहीं है, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है।

### स्टॉक 25 हजार का वितरण मात्र 8 हजार

प्रशासनिक अधिकारियों का दावा है कि रोजाना विभिन्न एजेंसियों पर रोजाना करीब 25 हजार सिलेंडरों का स्टॉक रह रहा है। वितरण 7 से 8 हजार का हो रहा है। स्टॉक अधिक और वितरण कम होने की वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**कालाबाजारी का भी आरोप :** लोगों ने आरोप लगाया है कि शहर में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी चरम पर हो रही है। कुछ एजेंसी कर्मियों की मिलीभगत से बिना बुकिंग के घरेलू सिलेंडर 1500 से 2000 रुपये तक में बेचा जा रहे हैं। मजबूरी में लोग अधिक कीमत देकर भी सिलेंडर खरीदने को विवश है। एजेंसियों पर सिलेंडर न मिलने की वजह से उनके पास ब्लैक में खरीदने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

**देहात क्षेत्रों में भी लोग परेशान :** शहर के कस्बों और देहात क्षेत्रों भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। दोपहर 12 बजे तक गैस की गाड़ियां नहीं पहुंचती हैं। जिससे लोग घंटों तक धूप में खड़े रहने को मजबूर हो रहे हैं। गुरुवार को कई लोग सिलेंडर लेकर लाइन में खड़े रहे, लेकिन स्टाक खत्म हो गया। उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके घरों में एक ही सिलेंडर उपयोग में है, वह कभी भी खत्म हो सकता है। ऐसे में दूसरा सिलेंडर लेने के लिए उन्हें घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है, ताकि खाना बनाने में दिक्कत न हो।

# एसडीएम ने गैस एजेंसी का किया निरीक्षण

संवाददाता,ओरछी


एजेंसी के गोदाम में जांच करते पूर्ति निरीक्षक

**अमृत विचार:** क्षेत्र के खेड़ा दास गांव के समीप स्थित रामाया भारत गैस सर्विस के गोदाम पर प्रशासनिक टीम ने औचक निरीक्षण किया। एसडीएम बिसौली राशि कृष्ण के नेतृत्व में जांच करने पहुंचे अधिकारियों को देखकर गैस वितरकों में हड़कंप मच गया। हालांकि, जांच के दौरान गोदाम पर सभी मानक सही पाए गए।

एसडीएम राशि कृष्ण के साथ बाट-माप निरीक्षक ओमप्रकाश और पूर्ति निरीक्षक पीयूष गंगवार ने गैस गोदाम का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने सिलेंडरों के वजन, स्टॉक रजिस्टर और सुरक्षा उपकरणों की जांच की। अधिकारियों ने वहां मौजूद ग्राहकों से सीधा संवाद किया, जिसमें ग्राहकों ने संतोषजनक जवाब दिए। निरीक्षण के दौरान कुछ उपभोक्ताओं ने अधिकारियों को बताया कि उन्हें 45 दिनों के अंतराल वाली बुकिंग प्रक्रिया में कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम ने एजेंसी प्रबंधन को तकनीकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। एजेंसी के स्वामी आकाश सिंह ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में गैस की कोई किल्लत नहीं है और बुकिंग के तुरंत बाद सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि शासन के निर्देशानुसार ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक केवाईसी नहीं कराई है, वे जल्द से जल्द इसे पूरा कर लें ताकि भविष्य में गैस आपूर्ति बाधित न हो।

# पूर्ति विभाग ने शहर में चलाया चेकिंग अभियान

- गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए की सख्ती

**बदायूं, अमृत विचार :** गैस सिलेंडर की कालाबाजारी को लेकर पूर्ति विभाग द्वारा शहर में चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने रेस्टोरेंट, ढाबा पर सिलेंडर की जांच की। लेकिन कहीं भी घरेलू सिलेंडर का उपयोग होता हुआ नहीं मिला।

जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडरों की सुचारू रूप से आपूर्ति कराये जाने के उद्देश्य से जनपद में स्थित विभिन्न गैस एजेंसियों की पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से निरन्तर जांच कराई जा रही है।

गुरुवार को जिला पूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में पूर्ति निरीक्षक प्रतिमा शर्मा, रजनीश उपाध्याय, मनोज कुमार आनन्द, योगेन्द्र पाल एवं मीनू के द्वारा शहर में चैकिंग अभियान चलाया। अधिकारियों की टीम ने राधिका स्वीट्स, चटकारा रेस्टोरेंट, गुप्ता भोजनालय, श्याम स्वीट, मझिया रोड स्थित तडका रेस्टोरेन्ट तथा गोल्डन वेस्ट्रो पर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान उपयुक्त प्रतिष्ठानों में से किसी पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किया जाना नहीं पाया गया। इस दौरान अधिकारियों ने सम्बन्धित प्रतिष्ठानों को किसी भी दशा में घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग व्यावसायिक कार्य में न करने की हिदायत दी।

# ठाकुर महासभा के प्रदेश मंत्री बनाए गए अंकित चौहान

**संवाददाता, उझानी,** अमृत विचार : कस्बे के अहीर टोला निवासी अंकित चौहान पुत्र मुनेश चौहान को ठाकुर महासभा में उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल करते हुए प्रांतीय मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गयी है। मंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है।

अंकित चौहान पिछले काफी समय से ठाकुर महासभा से जुड़े हैं। ठाकुर महासभा के राष्ट्रीय प्रभारी जितेंद्र सिकरवार ने उनकी लगन और मेहनत को देखते हुए प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल करते हुए प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद अंकित चौहान के समर्थकों परिजनों में खुशी की लहर है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद अंकित चौहान ने कहा कि उन्हे जो जिम्मेदार दी गयी है उसका निष्ठा पूर्वक पालन करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने में सहयोग करेंगे।

# नवरात्र पर भी सहसवान में नरक जैसे हालात

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मंदिरों तक जाने वाले रास्तों पर भारी कीचड़, लोग परेशान
- सहसवान के मोहिद्दीनपुर में गंदगी को लेकर भारी रोष

**अमृत विचार :** सहसवान में नवरात्रि में भी सफाई व्यवस्था चौपट है । मंदिरों को जाने वाले रास्तों पर कीचड़ और गंदगी के चलते श्रद्धालुओं को भारी परेशानी हो रही है। लेकिन नगर पालिका प्रशासन मौन साधे बैठा है। जिससे लोगों में पालिका प्रशासन के खिलाफ भारी रोष है।

सहसवान नगर में नवरात्रि पर्व की शुरुआत के साथ ही श्रद्धालु माता रानी के मंदिरों में जल चढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। लेकिन नगर के मोहल्ला मोहिउद्दीनपुर स्थित मंदिर मार्ग की बदहाल स्थिति ने श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों में डाल दिया है। मार्ग पर फैली गंदगी, कूड़े के ढेर और नालियों से बहता गंदा पानी श्रद्धालुओं के लिए बड़ी समस्या बन गया है।स्थानीय लोगों के अनुसार मंदिर तक जाने वाले रास्ते की लंबे समय से सफाई नहीं हुई है। नालियां पूरी तरह चोक पड़ी हैं, जिसके चलते उनका गंदा पानी सड़क पर बह रहा है और कीचड़ में तब्दील हो चुका है। ऐसे हालात में श्रद्धालुओं को उसी गंदे पानी और कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। सुबह और शाम के समय जब श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होती है, तब स्थिति और भी खराब हो जाती है। नवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व पर भी साफ-सफाई की उचित व्यवस्था न होने से लोगों में नगर पालिका और प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि नवरात्रि के दौरान साफ सफाई नहीं कराई गयी है जिससे सड़कों पर गलियों में नालियों में बड़े नालों में भारी गंदगी के चलते दुर्गन्ध आ रही है। मंदिर जाने को सुबह शाम श्रद्धालु घर से निकलते हैं तो गंदगी से परेशानी होती है। ऐसे में पालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते ऐसे पवित्र दिनों में भी लोगों को गंदगी से जूझना पड़ रहा है।

### कस्बे में सफाई अभियान चलाने की मांग

कस्बे के जहांगीराबाद, शहबाजपुर, बाजार बिल्सनगंज आदि मोहल्लों में भी सफाई नहीं कराई गयी है जिससे नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। मंदिरों के आस पास भी सफाई अभियान नहीं चलाया गया है। हर जगह गंदगी के कारण श्रद्धालुओं को दिक्कत हो रही है। कस्बे के कुछ समाज सेवियों ने पालिका प्रशासन की इस उदासीनता पर रोष प्रकट करते हुए जल्द सफाई अभियान चलाने की मांग की है।


मोहिद्दीनपुर में सड़क पर व्याप्त कीचड़

# जांच के बाद मिलेंगी टाइफाइड-बुखार के मरीजों को दवा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल में कई जगह लाइन में लगकर परेशान हो रहे हैं मरीज, जांच में लग रहा समय

**अमृत विचार :** टाइफाइड और बुखार पीड़ितों को ब्लड टेस्ट रिपोर्ट देखने के बाद ही दवा दी जा रही है, जिससे बुखार और टाइफाइड के मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। ब्लड रिपोर्ट दो से तीन दिन में मिल रही है जिससे मरीजों की हालत और बिगड़ रही है।

गर्मी में हर साल टाइफाइड और बुखार के चलते लोगों को भारी परेशानी होती है। जिला अस्पतालों में लंबी लाइन में लगने के बाद मरीजों को डॉक्टर देख रहे हैं उसके बाद भी डाक्टर दवा नहीं लिख रहे हैं। टाइफाइड और बुखार की जांच को ब्लड सैंपल लिया जाता है। जिसकी रिपोर्ट दो से तीन दिन में दी जाती है जिससे मरीजों की हालत और बिगड़ जाती है। बुधवार को ओपीडी 7 में करीब 9 टाइफाइड के मरीजों को देखा गया। इन सभी को ब्लड टेस्ट कराने को लिखा गया। ब्लड टेस्ट रिपोर्ट मिलने के बाद ही मरीज को दवा दी जाती है। इसी तरह बुखार के 63 मरीजों को देखा गया। इनमें से 25 मरीजों को दवा लिखी गयी जबकि 38 मरीजों को ब्लड चेक कराने को लिखा गया। एक ओपीडी में इतने मरीजों के आने से चिकित्सक भी परेशान हैं।



डा. अलंकार सोलंकी ने बताया कि अब गर्मी के साथ ही बीमारियां भी तेजी से पैर पसार रही हैं। जिसमें टाइफाइड और बुखार के मरीजों की संख्या हर दिन बढ़ रही है। लेकिन मरीजों को ब्लड चेक कराने के बाद ही दवा दी जा रही है क्योंकि अधिकांश मरीजों को टाइफाइड की पुष्टि हो रही है इसलिए बिना जांच के दवा नहीं दी जा रही है।

डा. स्वतंत्र पाल सिंह ने बताया कि जो मरीज बाहर से जांच करा कर ला रहे हैं उन्हें दवाएं लिख रहे हैं लेकिन यहां पर आने वाले मरीजों को ब्लड टेस्ट कराने के बाद ही दवा लिख रहे हैं क्योंकि बीमारी की पुष्टि होने के बाद मरीज को सही दवा लिखी जा रही है।

### शहरी मरीज ब्लड की बाहर करा रहे जांच

जिला अस्पताल आने वाले शहरी मरीज अपनी ब्लड जांच बाहर करा कर ला रहे हैं। जिससे उन्हें उसी दिन दवा मिल रही है। जबकि दूर दराज से आने वाले गांव के मरीज अस्पताल में ही जांच करा रहे हैं जिससे उन्हें दो चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को अधिक परेशानी हो रही है। मरीजों को दो से तीन दिन में जांच रिपोर्ट मिल रही है। जबकि प्राइवेट पैथोलॉजी लैब पर उसी दिन रिपोर्ट मिलने से मरीज को आसानी से दवा मिल रही है।

> जिला अस्पताल में करीब छह डॉक्टर ओपीडी में मरीजों को देखते हैं सभी डॉक्टर मरीजों को ब्लड चेक कराने को लिखते हैं इसलिए लैब में हर दिन भीड़ रहती है। प्रतिदिन करीब दो सौ मरीजों की जांच होती है, इसलिए दूसरे दिन जांच रिपोर्ट तैयार हो पाती है। मरीज को दूसरे दिन रिपोर्ट मिलती है तब उसे दवा लिखी जाती है।
> – डा. अमित वार्ष्णेय, सीएमएस

# कबड्डी प्रतियोगिता में आर्य नगर प्रखंड की टीम बनी विजेता


कबड्डी खेल में हिस्सा लेते खिलाड़ी ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में स्थानीय भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज मैदान पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आर्य नगर प्रखंड और बिल्सी प्रखंड की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद आर्य नगर प्रखंड की टीम विजेता रही। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, जिला सह संयोजक अर्पित गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह, प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा, पीटीआई तरुण कुमार सिंह और अमित दीक्षित सहित कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेलों के महत्व के बारे में बताया। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि खेल जीवन में शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी हैं, इसलिए बच्चों को बढ़-चढ़कर खेलों में भाग लेना चाहिए। अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया।

# नामित सभासदों का स्वागत, प्रमुख दावेदारों में दिखी नाराजगी

**वजीरगंज, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के नगर पंचायत वजीरगंज में नामित सभासदों का पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत किया है, वहीं कुछ नामित सभासदों के प्रबल दावेदारी के बावजूद भी नामित सदस्य नहीं बन पाए, उन लोगों और उनके समर्थकों में नाराजगी दिखाई दे रही है।

भारतीय जनता पार्टी ने वजीरगंज नगर पंचायत में तीन लोगों को नामित सभासद बनाकर भेजा है, सभासद पद की घोषणा से पहले पार्टी के कई निष्ठावान कार्यकर्ता पार्टी नेताओं की बदौलत मजबूत दावेदारी पेश कर चुके थे। लेकिन जिस तरह से नगर में हाईकमान द्वारा नामित सभासदों के नाम की घोषणा की उसी दिन से कुछ प्रबल दावेदारों ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर की है कुछ पार्टी कार्यकर्ता मायूस दिखाई दे रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### स्कूल के वार्षिकोत्सव का विधायक ने किया शुभारंभ



**विजय नगला, अमृत विचार :** ब्लॉक सलारपुर के गांव बरखेड़ा के श्री जगन्नाथ सिंह मैमोरियल जूनियर हाईस्कूल में वार्षिक उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने किया। स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। बरखेड़ा के जूनियर हाईस्कूल में वार्षिकोत्व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और विशिष्ट अतिथि आरएसएस के जिला प्रचारक भरत लाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वार्षिक उत्सव में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में श्री जगन्नाथ सिंह मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल साल दर साल प्रगति कर रहा है जिससे क्षेत्र की बच्चियां शिक्षित हो रही हैं। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने विद्यालय में इस वर्ष अच्छे अंक पाने वाले बच्चों को पुरस्कार किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक सतवीर सिंह चौहान, प्रधानाचार्य अवनीश कुमार सिंह, गौरव चौहान,नरेश,अजय, दीपक शर्मा, आरुषि ,रितु ,निकिता, सर्वेश चंद्र पाठक, अजय पाल सिंह आदि मौजूद रहे।



### कस्बे में निकाली कलश यात्रा, देवी मंदिरों में हुई पूजा अर्चना

**बिसौली , अमृत विचार :** गुरुवार को नवरात्र के प्रथम दिवस पर नगर में भक्तिमय का माहौल रहा। मंदिरों में भक्तों ने पूजा अर्चना की। साथ नगर में शुरू हुई रासलीला से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। नगर के बिल्सी रोड पर बहादुर सिंह बाबा थान के निकट अनेक वर्षों से नवरात्र में रासलीला होती है। रासलीला से पूर्व नगर में कलश यात्रा निकाली जाती है। मंदिर पर रासलीला और यज्ञ पिछले करीब 33 वर्षों से अनवरत होता चला आ रहा है। गुरुवार को नवरात्र के प्रथम दिवस नगर में रासलीला से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा बुध बाजार से चौकी, अटल चौक, सिंचौली, साहनपुर, निजरा गांव से होकर गुजरी।

### निगेटिव बैलेंस के चलते बिसौली में कटे 610 कनेक्शन

**बिसौली , अमृत विचार :** स्मार्ट प्रीपेड में नेगेटिव बैलेंस के कारण बिसौली में 610 कनेक्शन ऑटोमेटिक रूप से कट गए। जिसके बाद 211 विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा रिचार्ज करने के उपरांत उनके घरों की आपूर्ति सुचारु हो गई। कटे संयोजन का भुगतान प्राप्त होने पर 2 घंटे में जोड़े जाने का प्रावधान है। उपभोक्ता द्वारा रिचार्ज कराते ही रीकनेक्शन कमांड जारी हो जाती है। चूंकि कमांड कई सारे सिस्टम से गुजरती है, इसलिए इसमें 2 घंटे तक का समय लग सकता है। यद्यपि 90 प्रतिशत से अधिक केस में भुगतान प्राप्त होने के कुछ मिनटों में ही कनेक्शन जुड़ जाते हैं। बिसौली एसडीओ अमित कुमार ने बताया कि अवैध रूप से बिजली का उपभोग होता पाया गया तो ऐसे उपभोक्ताओं के विरुद्ध बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज करा कर नियमानुसार कार्रवाई और जुर्माना की कार्यवाही की जाएगी। निगेटिव बैलेंस के कारण कनेक्शन कटने के उपरांत बगैर रिचार्ज कराए अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना दंडनीय अपराध है। इसमें संलिप्त पाए जाने पर संबंधित उपभोक्ता के विरुद्ध धारा 135 एवं 138-बी के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई किए जाने का प्रावधान है। अमित कुमार ने कहा कि उपभोक्ताओं से कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि से बचते हुए निगेटिव बैलेंस होने के कारण बिजली कनेक्शन कटने की दशा में अपना कनेक्शन तुरंत रिचार्ज कराएं।

### मानदेय भुगतान की मांग को लेकर रोजगार सेवकों का धरना



**इस्लामनगर, अमृत विचार :** विकास खंड कार्यालय में गुरुवार को क्षेत्र के रोजगार सेवकों ने एकजुट होकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। रोजगार सेवकों ने ब्लॉक परिसर में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताते हुए नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष लायक सिंह ने कहा कि जब तक रोजगार सेवकों का बकाया मानदेय भुगतान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से मानदेय न मिलने के कारण रोजगार सेवकों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। कई कर्मचारी अपने बच्चों की फीस, घरेलू खर्च और अन्य जरूरी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं। प्रदर्शन कर रहे रोजगार सेवकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनका पूर्ण भुगतान नहीं किया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा तथा अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। इस दौरान लायक सिंह, रामवीर सिंह, चंद्रप्रकाश, ओमकार शर्मा, अमरपाल सिंह, उदयवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, रामाशंकर, आर्येंद्र सिंह, चरण सिंह आदि रहे।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
ISO 9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

## न्यूज ब्रीफ

### रोशनलाल अस्पताल के संचालक को नोटिस

पीलीभीत, अमृत विचार : पूरनपुर के रोशनलाल अस्पताल में आयुर्वेद पंजीकरण के बावजूद एलोपैथिक इलाज किए जाने की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच के बाद संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के रिटायर प्रोफेसर डॉ. केलाल ने सीएमओ को पत्र देकर शकायत की थी कि पूरनपुर के रोशनलाल हॉस्पिटल का पंजीकरण क्षेत्रीयआयुवेदिक एंव यूनानी अधिकारी कार्यालय से हुआ था। इसमें आयुवेद चिकित्सका ही मान्य थी। वहीं इसके विपरीत अस्पताल में मरीजों को भर्ती कर उपचार करने और प्रसव कराने का काम किया जा रहा है। शिकायत मिलने के बाद सीएमओ ने एमओआईसी पूरनपुर को आदेश जारी किए थे। गुरुवार को एमओआईसी डॉ. मनीष राज शर्मा टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और वहां निरीक्षण किया। जांच के दौरान अस्पताल में कोई मरीज भर्ती नहीं मिला, लेकिन संचालक और स्टाफ से आवश्यक जानकारी ली गई। एमओआईसी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के आधार पर अस्पताल संचालक डॉ. जय प्रकाश को नोटिस जारी किया गया है।

# सपा सांसद धर्मेंद्र यादव आचार संहित उल्लंघन केस में बरी

## वोट प्रभावित करने, कोविड एक्ट जैसी लगी थीं धाराएं, कोर्ट में हुए पेश

कार्यालय संवाददाता बदायूं

- बदायूं कोर्ट से आजमगढ़ सांसद को मिली बड़ी राहत
- 2022 में दर्ज केस में एमपी-एमएलए कोर्ट का फैसला

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के एमपी धर्मेन्द्र यादव को बदायूं न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजमगढ़ सांसद को बरी कर दिया है। 28 आरोपी पहले ही बरी हो चुके थे। 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान इन सभी के खिलाफ वोट प्रभावित करने, कोविड आपदा अधिनियम जैसी धाराओं में केस दर्ज हुआ था। गुरुवार को सुनाए गए फैसले का सांसद धर्मेन्द्र यादव ने स्वागत किया है।

आजमगढ़ लोकसभा सीट से सपा के मौजूदा सांसद धर्मेंद्र यादव ने द्वारा बदायूं के एक लॉन में 2022 चुनाव के दौरान सभा की गई थी। मीटिंग में शिक्षामित्र और अनुदेशक शामिल हुए थे। आरोप लगा था कि सपा सांसद ने लालच देकर वोट खरीदने की कोशिश की गई । डीएम ने प्रकरण


धर्मेंद्र यादव सांसद

की जांच तत्कालीन एसडीएम रहे सुखलाल प्रसाद वर्मा को सौंपी थी। उस समय एसडीएम ने जांच के दौरान सपा सांसद सहित अन्य 28 लोगों को आरोपी मानते हुए थाना सिविल लाइन में मुकदमा दर्ज कराया था।

सपा सांसद व अन्य लोगों को कोविड और आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा में भी आरोपी बनाया गया था। मामले में 4 जनवरी को 2025 को अपील पर सुनवाई करते हुए सपा सांसद सहित अन्य आरोपियों को नोटिस जारी किए गए थे। प्रकरण में सपा सांसद पहले ही बदायूं पहुंच गए थे और सुनवाई के दौरान कोर्ट में उपस्थित थे। सांसद धर्मेन्द्र यादव के अधिवक्ता पूर्व एडीजीसी जगत सिंह यादव ने बताया कि प्रकरण में एक पहले दिन पहले ही कोर्ट में बहस पूरी हो चुकी थी। आज फैसला सुनाया गया है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव को निर्दोष मानते हुए बरी कर दिया है। सांसद धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि फैसले का स्वागत है। उन्हें न्यायालय पूरा भरोसा था। **एक साल पहले ही बरी हो चुके 28 आरोपी :** सपा सांसद के साथ पार्टी के नेता, शिक्षामित्र और अनुदेशकों सहित 29 लोगों के खिलाफ तत्कालीन एसडीएम ने आचार संहिता उल्लंघन का आरोप बनाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने धर्मेंद्र यादव और अन्य 28 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। प्रकरण में कोर्ट ने जून 2024 में बाकी 28 लोगों को बरी कर दिया गया था। गुरुवार को मामले में सांसद धर्मेन्द्र को भी कोर्ट से राहत मिल गई।

**पूर्व में जो बरी हुए लोग :** फखरे अहमद शोबी, रईस अहमद , रावेन्द्र सिंह, सतीश चंद्र वैश्य, विनोद कुमार राठौर, राजीव कुमार सिंह, फूलवानो, शैलेन्द्र कुमार सिंह, बीरेंद्र सिंह, वचन सिंह, राम बलराम, ब्रजलाल शाक्य, अजमत अली, अवनीत कुमार, दिनेश कुमार, मनोज कुमार, एलकार सिंह, चरन सिंह, सुनील कुमार सिंह, मुनेन्द्र पाल सिंह, रामवीर सिंह, सतेंद्र पाल सिंह, फिरोज, जितेन्द्र कुमार शर्मा, आनन्द कुमार, बाबू सिंह, अनेक पाल सिंह, रनजीत सिंह ।

# हैंगिंग से हुई विवाहिता की मौत पीएम में खुलासा

**विजय नगला, अमृत विचार:** बीते बुधवार को एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिस पर परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया। पीएम रिपोर्ट में विवाहिता की मौत हैंगिंग से होने की पुष्टि हुई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों ने किसी के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव पुठी में बीते बुधवार को विवाहिता की हत्या का आरोप लगाते हुए मृतका के परिजनों ने हंगामा कांटा। जैतीपुर क्षेत्र के गांव ओटा जिला शाहजहांपुर निवासी विवाहिता के भाई ने बताया कि लगभग आठ साल पूर्व अपनी बहन की शादी थाना बिनावर क्षेत्र के गांव पुठी निवासी उमेश के साथ की थी। मृतका के परिजनों का आरोप था कि उसकी बहन को आए दिन ससुराल पक्ष के लोग परेशान करते थे। बुधवार सुबह उनके लिए मोबाइल से किसी व्यक्ति ने सूचना दी की तुम्हारी बहन ने फांसी लगा ली है। सूचना पर गांव पहुंचे तो उनकी बहन का बेटी का शव बरामदे में जमीन पर पड़ा हुआ था।

# असल लौटाने के बाद ब्याज के लिए परेशान कर थे सूदखोर

संवाददाता, कुंवरगांव

- युवक के आत्महत्या करने के मामले में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** कर्ज के दबाव और लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर युवक सोनू शर्मा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पति की मौत के बाद मृतक की पत्नी ने कई लोगों पर उत्पीड़न और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला ढाक वाली ज्यारत निवासी मोहिनी शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति सोनू शर्मा ने करीब पांच वर्ष पहले ब्राह्मपुर मोहल्ले के रहने वाले कौशल गुप्ता और उसके भाई सौरभ उर्फ सालू गुप्ता से चार लाख रुपये उधार लिए थे। इसके अलावा पक्का बाग लोटनपुरा के रहने वाले अनिल मौर्य व सचिन मौर्य से एक लाख रुपये लिए थे। पत्नी का कहना है कि उसके पति ने समय-समय पर ब्याज सहित पैसा वापस कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद आरोपी लगातार और पैसों की मांग ब्याज के रूप में करते रहे। विरोध करने पर उन्हें धमकियां दी जाती थीं और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि इसी मानसिक दबाव के चलते 17 मार्च को सोनू शर्मा ने गांव मझिया स्थित नगला शर्की चौराहे पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मरने से पहले सोनू ने वीडियो भी बनाया जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी ने थाना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस सुन नहीं रही, पीड़ित बोले मजबूरी में करना होगा पलायन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कहा, विधायक, डीएम, एसडीएम से शिकायत करने पर भी नहीं हुई सुनवाई
- दूसरे पक्ष पर लगाया षड्यंत्र रचने का गंभीर आरोप

**अमृत विचार :** दबंगों के लगातार परेशान करने की वजह से एक परिवार परेशान है। वह हत्या की आशंका से गांव से पलायन करने को मजबूर है। पीड़ित का कहना है कि उन्हें धमकाया जा रह है। कहीं सैंजनी प्लांट पर अधिकारियों की तरह उनकी भी हत्या न कर दी जाए। शिकायत पर एसएसपी अंकिता शर्मा ने थाना प्रभारी को जल्द जांच करके कार्रवाई करने को निर्देशित किया है।

दातागंज तहसील के उसहैत क्षेत्र के गांव खेड़ा जलालपुर निवासी अशोक कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह ने डीएम और एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह दर्जनों बार दातागंज एसडीएम से शिकायत कर चुके हैं कि उनके पड़ोस में रहने वाले गुंडा एक्ट के आरोपी छह लोग उन्हें और उदय प्रताप को कभी भी जान से मार सकते हैं। वह लोग कभी जबरन सामान ले लेते हैं तो कभी नाली का पानी बंद कर देते हैं। सुबह उठकर दरवाजे के सामने गाली-गलौज करते और ईंट-पत्थर फेंकते हैं।

वह लोग कई बार हमला कर चुके हैं। इससे पहले भी थाने से लेकर डीएम, एपी, सीओ उझानी से भी शिकायत कर चुके हैं कि उनकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। स्थानीय विधायक तक को अवगत कराया लेकिन आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस बार बार चालान कर देती है। उनका भी पुलिस ने कई बार चालान किया है। अशोक ने बताया कि उनके परिजनों ने दूसरे पक्ष के दो लोगों की हत्या कर दी थी। जिसमें वह आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। जिसकी वजह से वह लोग अब अशोक और उनके परिजनों की हत्या की साजिश रच रहे हैं। प्रशासन के सख्त कार्रवाई न करने की वजह से कभी भी उनकी हत्या की जा सकती है। कहा कि कहीं ऐसा न हो सैंजनी प्लांट की तरह उनकी और परिवार की हत्या के बाद प्रशासन जागे। वह शिकायत करके थक चुके हैं। और हत्या की आशंका के चलते पलायन करने को मजबूर हैं।

# पूर्व फौजी पर भी हमला कर चुका था अजय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- निर्माणाधीन बटालियन पर तैनात गार्ड के साथ की थी मारपीट, दी थी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार:** एचपीसीएल के अधिकारियों की हत्या करने वाले आरोपी के परिवार वालों को पुलिस और प्रशासन का खुला संरक्षण प्राप्त था। आरोपी के परिजन घटनाओं को अंजाम देते रहे, लेकिन थाना पुलिस और प्रशासन उन घटनाओं पर पर्दा डाले रहे। जिसका अंजाम दो अधिकारियों की मौत के बाद सामने आया। एचपीसीएल में हुआ दोहरे हत्याकांड में मारे गए सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा कोई पहले व्यक्ति नहीं थे । जो आरोपित अजय प्रताप और उसके दबंग परिवार वालों की धमकी का शिकार हुए थे।

इससे पहले उसके तहेरे भाई अभय प्रताप ने भी पीएसी बटालियन के आवासीय भवन निर्माण स्थल पर तैनात सुरक्षा गार्ड रिटायर फौजी जगबरन यादव को भी जमकर पीटा था। और जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में अभय प्रताप समेत दो नामजद और 15 अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया था। लेकिन तब भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की। मजबूरन सुरक्षा गार्ड को जान बचाने के लिए नौकरी छोड़कर जाना पड़ गया। एचपीसीएल के सीबीजी प्लांट में हुए दोहरे हत्याकांड की गूंज इस समय पूरे प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश भर में है। हत्यारोपित अजय प्रताप को भले ही पुलिस ने मुठभेड़ दर्शाकर गिरफ्तार कर लिया हो।लेकिन यह पहला मामला नही है। जब उसने या उसके परिवार वालों ने दोनों अधिकारियों को धमकाया हो।

# हर्षित के परिवार से मिले अधिकारी

- एचआर निदेशक केएस शेट्टी के नेतृत्व में पहुंचा दल
- परिवारवालों ने फिर उठाई सीबीआई जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


पीलीभीत में दिवंगत हर्षित मिश्रा के घर पहुंचे एपचीसीएल के अधिकारी।

**अमृत विचार :** हर्षित मिश्रा हत्याकांड में गुरुवार को एचपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों का दल उनके घर पहुंचा। अधिकारियों ने परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। इस दौरान परिजनों ने एक अन्य कर्मचारी की संलिप्ता होने का आरोप लगाया है।

बदायूं के सैंजनी गांव स्थित एचपीसीएल प्लांट में हुई हर्षित मिश्रा की हत्या के बाद कंपनी के शीर्ष अधिकारी गुरुवार को पूरनपुर आए। एचपीसीएल के एचआर निदेशक केएस शेट्टी के नेतृत्व में बायोगैस के ईडी मोहित धवन, एचआर हेड मधुकर कैथ, स्पनिल डीजीएम नसीजेड, सीनियर रीजनल मैनेजर देवानंद, सीनियर मैनेजर एचआर हिमांशु, सीनियर मैनेजर एचआर मोहम्मद कासिम, अनूप मिश्रा सीनियर सेल्स ऑफिसर, सुदीप सीनियर ईआर अफसर हर्षित के घर पहुंचे।

अधिकारियों ने परिवार के सदस्यों से बातचीत की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान निदेशक केएस शेट्टी ने कहा कि कंपनी इस घटना को बेहद गंभीरता से ले रही है। उन्होंने बताया कि मामले की विभागीय जांच भी जारी है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मुलाकात के दौरान हर्षित के पिता सुशील मिश्रा ने विभाग के एक उच्च अधिकारी की संलिप्तता का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि यदि जांच में कोई वरिष्ठ अधिकारी दोषी पाया जाता है तो कंपनी उसका बचाव न करे। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कंपनी के चेयरमैन इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री से मुलाकात कर चुके हैं। अब वह जल्द ही परिजनों से मिलने भी आएंगे।

# ओवरलोड से जल रहे ट्रांसफार्मर, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गर्मी की तपिश के चलते बिजली के तारों और ट्रांसफार्मरों पर ओवरलोडिंग की समस्या बढ़ गयी है। ओवरलोडिंग के चलते हर दिन दर्जनभर से अधिक ट्रांसफार्मर जल रहे हैं जिससे विभागीय अधिकारियों ने मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। कार्यशाला में करीब 97 ट्रांसफार्मर जले हुए पहुंचे हैं जिन्हें तत्काल ठीक करने को कहा गया है।

गर्मी के दिनों में बिजली विभाग की चुनौती बन जाती है। ओवरलोडिंग के चलते कहीं तार जलते हैं तो कहीं ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। हालांकि अभी गर्मी चरम पर नहीं है फिर भी विभाग के हाथ पैर फूलने लगे हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अब


कार्यशाला में रखे जले हुए ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

कुछ दिनों से हर दिन दर्जन भर से अधिक ट्रांसफार्मर जले हुए आ रहे हैं। जबकि कुछ बड़े ट्रांसफार्मर फुंके हुए रखे हैं जिनकी मरम्मत की जा रही है। कुल 97 ट्रांसफार्मर ठीक करने को रखे हैं।

विद्युत विभाग के जले ट्रांसफार्मर को ठीक कराने को अधिशासी अभियंता हरीश को बरेली मंडल की कमान दी गयी है। हरीश ने बुधवार को बताया कि अब गर्मी का प्रकोप शुरू हो चुका है ऐसे में ओवरलोडिंग की समस्या बढ़ गयी है। हालांकि अभी तक जो स्थिति है वह अधिक गंभीर नहीं है लेकिन अप्रैल से जून तक का समय चुनौती भरा है। उक्त तीन महीने में बिजली विभाग को कई बड़ी समस्याओं से निपटना है। उन्होंने बताया कि शासन की प्राथमिकता है कि जले या खराब ट्रांसफार्मर को 24 घंटे के अंदर बदला जाए जिससे उपभोक्ता को किसी तरह की दिक्कत न हो। इसलिए जो ट्रांसफार्मर जले हुए आ रहे हैं उन्हें तत्काल ठीक कराया जा रहा है।

### शिकायत निपटान को बनाया अलग पटल

बिजली विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं की शिकायत को अलग से पटल तैयार किया है। जहां पर सुबह आठ से शाम 6 बजे तक शिकायत दर्ज की जाएंगी। उन शिकायतों को 24 घंटे में निस्तारित करने के आदेश दिए गए हैं। विभाग ने जेई और एसडीओ को इसके लिए जिम्मेदारी सौंपी है। शिकायतकर्ता किसी भी हाल में उच्चाधिकारियों तक नहीं जाना चाहिए। उसकी शिकायत बिजली घर पर ही निस्तारित की जाए। उक्त आदेश सभी बिजली घरों को दिए गए हैं।

# आंधी से गुल रही कई घंटे बिजली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले भर में रातभर परेशान रहे उपभोक्ता
- कई जगह टूटे तार, मरम्मत के बाद शुरू की सप्लाई

**अमृत विचार :** बुधवार की रात को आई आंधी ने भारी नुकसान पहुंचाया। आंधी के चलते कई घंटे बिजली गुल रही। जगह जगह तार टूट गए जिससे उपभोक्ता रात भर अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। सुबह चार बजे तक लाइनों को ठीक किया गया उसके बाद सप्लाई शुरू की गयी।

दो दिन पहले से आंधी बारिश का अलर्ट जारी किया गया था। उसी के चलते बुधवार की रात 12 बजे तेज हवाएं चलने लगीं। कुछ देर तक तेज हवाएं चलीं। जिससे बिजली गुल होते ही अंधकार छा गया। एक बजे से शुरू हुई आंधी रात तीन बजे तक जारी रही। आंधी के चलते जिले भर की बिजली गुल रही। आंधी में कई जगह बिजली के तार टूट गए जिसके बाद उधर की लाइनों पर सुबह चार बजे तक काम किया गया। कादरचौक क्षेत्र में दो जगह बिजली के तार टूट गए जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने विभाग के अधिकारियों को दी। इधर ब्लॉक जगत के ग्राम करौलिया को जाने वाली लाइन में भी फाल्ट हो गया जिससे दर्जनों गांवों की बिजली गुल रही। रात को ही विभाग के कर्मचारियों ने लाइन को ठीक का सप्लाई शुरू कर दी। उसहैत और उसावां क्षेत्रों में सुबह आठ बजे सप्लाई शुरू की गयी। जबकि खेड़ा जलालपुर क्षेत्र में उसके बाद ही बिजली दी गयी।

### बिजली घरों से रोकी गयी सप्लाई

आंधी की संभावना के चलते सभी बिजली घरों से सप्लाई रोक दी गयी जिससे कहीं पर भी कोई बड़ी घटना न हो। इस समय खेतों में गेहूं और सरसों की फसल तैयार खड़ी है जिसको लेकर विभाग ने सतर्कता बरती। विभागीय अधिकारियों ने आंधी के बाद कुछ जगहों पर तीन बजे सप्लाई शुरू कर दी जबकि कुछ स्थानों पर सुबह आठ बजे ही सप्लाई दी गयी।

> आंधी या तेज हवा के दौरान बिजली सप्लाई रोकी जाती है। इसलिए बुधवार की रात को भी सप्लाई रोकी गयी। आंधी में कुछ स्थानों पर तार टूटे जो समय रहते ठीक कर दिए गए उसके बाद रात तीन बजे सप्लाई शुरू कर दी गयी। अब कहीं से कोई शिकायत नहीं है। **संजीव कुमार** – अधिशासी अभियंता प्रथम

# ट्रॉली पलटने से युवक की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली दियूरिया कलां क्षेत्र के गांव सिंधोरा बिंदुआ निवासी 19 वर्षीय शिवम पुत्र गोधन लाल गुरुवार को अपने फूफा सोमपाल निवासी गजरौला कलां के खेत से गन्ना लादकर ट्रैक्टर-ट्राली से पीलीभीत की फैक्ट्री जा रहा था। दोपहर करीब सवा दो बजे जब ट्रैक्टर सुनगढ़ी क्षेत्र की सड़ा चौकी के पास आरा मशीन के समीप पहुंचा, तभी अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया। ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके फूफा सोमपाल को मामूली चोट आई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

त्योहार — कल मनाई जाएगी ईद उल फितर, मस्जिदों में चल रहा साफ सफाई का दौर, घरों में बन रहे हैं पकवान

# ईद को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक, लोग कर रहे खरीदारी

कार्यालय संवाददाता बदायूं

**अमृत विचार :** ईद उल फितर त्योहार को लेकर मुस्लिम समुदाय में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग ईद की खुशियां मनाने के लिए तैयारियों में जुट गए हैं। बाजार में खासी भीड़ देखी जा रही है। लोगों के द्वारा सेवई और फैनी के साथ अन्य खाद्य पदार्थ की खरीदारी की जा रही है। साथ ही नए कपड़े भी खरीद रहे हैं। वहीं मस्जिदों में साफ सफाई की जा रही है।

21 मार्च को मुस्लिम समुदाय के लोग ईद का त्योहार मनाएंगे। जिसमें मात्र एक दिन का समय शेष बचा है। त्योहार को लेकर शहर के प्रमुख बाजारों में भीड़ देखी जा रही है। खानपान से लेकर कपड़ों तक की खूब बिक्री हो रही है। महिलाओं की भीड़ ज्वैलरी व चूड़ी व परिधानों की दुकानों पर देखने को मिल रही है। बड़ा बाजार,


दुकान से कपड़े खरीदती महिलाएं ● अमृत विचार

नेहरू चौक और घंटाघर बाजार में भारी भीड़ जुट रही है। टिकटगंज, सर्राफा बाजार में लोगों के द्वारा खरीदारी की जा रही है। लोग ईद पर घर आने वाले मेहमानों की खातिरदारी के लिए सेवई, मेवा, कपड़े, जेवर, टोपी और जूते-चप्पलों की खरीदारी कर रहे हैं। सर्राफा दुकानों पर महिलाओं की भीड़ नजर आई। बच्चे और बड़े कपड़े, टोपी और कुर्ते खरीदते नजर आए। वहीं मेवा के दाम बढ़ने से लोगों ने कम मात्रा में ही खरीदारी की। सेवई और फेनी की दुकानों पर ज्यादा भीड़ रही।

**ठेले वालों से सिकुड़ गई हैं बाजार की सड़कें :** बाजार में ठेले वालों ने अतिक्रमण कर रहा है। रोड पर खड़े होने की वजह से खरीदारी करने आ रहे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। एक ओर जहां दुकानदारों का सामान दुकानों के बाहर रखा हुआ है।


सेवई और फैनी की खरीदारी करती महिलाएं ● अमृत विचार

### अलविदा की नमाज आज

रमजान का मुबारक महीना आज अलविदा की नमाज के बाद समाप्त हो जाएगा। ईद की तैयारियां जोरों पर हैं। भीड़ कपड़ों, फुटवियर, कॉस्मेटिक दुकानों पर ज्यादा नजर आ रही है। वहीं शहर की अधिकांश मस्जिदों की रंगाई पुताई का काम लगभग पूरा हो गया है। विशेष पकवान सेवइयों की खरीदारी विशेष रूप से की जा रही है। इसके अलावा मेवा, दूध एवं खोया की दुकान पर भी खरीदारों की भीड़ नजर आ रही है।

वहीं आधे से ज्यादा रोड पर ठेले वालों ने कब्जा जमा रखा है। सबसे अधिक ठेले वाले नेहरू चौक से तहसील गेट पर खड़े होते हैं। इसी रोड पर खाद्य पदार्थ बिक्री की दुकानें हैं। इन दुकानों पर बड़ी संख्या में लोग खरीदारी को पहुंचते हैं। परंतु ठेले वालों के द्वारा रोड पर कब्जा किए जाने से रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। जिस ओर नगर पालिका प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है।

### बाजार में ई-रिक्शा बने जाम का कारण

ईद और सहालग की खरीदारी करने के लिए बड़ी संख्या में लोग बाजार में पहुंच रहे हैं। भीड़ ऐसी है कि सड़क पर पैर रखने तक की जगह नहीं हो पा रही है। भारी भीड़ के बीच ई-रिक्शा और टेंपो बाजार में जाम का कारण बन रहे हैं। गुरुवार को ई-रिक्शा और टेंपो और ठेले वालों की वजह से जाम लग गया। स्थिति ऐसी हो गई कि जो लोग जहां खड़े थे वही खड़े रहे गए। एक कदम की दूरी तय करने के लिए लोगों के लिए मशक्कत करनी पड़ी।

# चोरी के सामान के साथ आरोपी पकड़ा

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने बिलसंडा रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने गणपति मेगा बिल्डर्स कंपनी से बीते दिनों हुई चोरी के मामले में एक आरोपी को जेल भेज दिया। उसके पास से चोरी किया सामान बरामद हुआ। बता दें कि पूरनपुर के शिवम गुप्ता गणपति मेगा बिल्डर्स कंपनी के ब्लॉक इंचार्ज हैं। कम्पनी से सामान चोरी कर लेने के संबंध में बीसलपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। गुरुवार को बिलसंडा मार्ग स्थित कटना नदी के किनारे आरोपी तिलहर शाहजहांपुर के गांव बिरसिंहपुर निवासी घनश्याम पुत्र राम प्रसाद को पुलिस ने पकड़ा। उसके पास से चोरी किए गए सामान में सलूज बाल, एयर बाल, हैंडल आदि बरामद किया गया। चीनी मिल चौकी के प्रभारी रामकुमार ने बताया कि आरोपी को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230803548 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **तौफीक रजा पुत्र ताहिर खां निवासी नैनीताल रोड जामा मस्जिद के पास ग्राम नगरिया कला थाना इज्जतनगर, बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा डी. फार्म का डिप्लोमा जोकि BTE UP बार्ड द्वारा सन् 2023 में जारी किया गया था जिसका सर्टिफिकेट नं. 230021788 तथा एनरोलमेन्ट नं. E21211821400038 है वास्तव में कहीं खो गया है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **राज कुमार पुत्र शंकर लाल निवासी कुंवरपुर ता. आनन्दपुर भैरो कला थाना माधौटांडा, तहसील कलीनगर पीलीभीत**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

